दैनिक

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

# बढ़ता राजस्थान

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाये, सच के साथ ///

वर्ष : 12 | अंक : 290 टोंक | सोमवार,07 जुलाई, 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत्-2082 |भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | RNI NO. RAJHIN/2013/52026 | मूल्य : ₹ 4.00 | पृष्ठ : 08


## भाजपाईयो ने किया संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

बढ़ता राजस्थान



मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। दूदू रोड स्थित भाजपा शहर मंडल कार्यालय होटल लखदातार में मानवता के उपासक प्रखर राष्ट्रवादी विचारक व जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती पर मौजुद भाजपाईयो ने नमन किया। रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती पर भाजपा शहर मंडल मालपुरा के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उमड़े भाजपाईयो को सम्बोधित करते हुए भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश को नई दिशा देने के उद्धेश्य व देश के युवाओं को राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र सेवा से जोड़ने के लिए जनसंघ की स्थापना की। जिसके लिए डॉ. मुखर्जी को प्रांरम्भ में संघर्ष करना पड़ा लेकिन धीरे धीरे कारवां बढ़ता रहा और लोग जुड़ते रहे। शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ने मौजुद सभी भाजपाईयो से डॉ. मुखर्जी के बताए सिद्धांतो को अपना कर राष्ट्र सेवा में जुठ जाने का आव्हान किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन सहित दिनेश विजय ने भी विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ दशरथ शर्मा, दिनेश विजय व भागचन्द जैन ने डॉ. मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलवित कर किया। अंत में मौजुद सभी भाजपाईयो ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पाजंली अर्पित कर व दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंली प्रकट की। कार्यक्रम में भारी संख्या में भाजपाई मौजुद रहे।

## कुएं में तैरता हुआ मिला युवक का शव

### देवउठनी एकादशी को होने थी शादी

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** बरोनी थाना क्षेत्र के रजवास गांव में दो दिन पहले खेत पर गए युवक का शव कुएं में तैरता हुआ मिला है। सूचना पर मौके पर पहुंची और पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम व ग्रामीणों की मदद से उसे शनिार की रात को करीब 9 बजे बाहर निकाल कर निवाई अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। रविवार की सुबह पुलिस शव में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। थाना अधिकारी बृजेंद्रसिंह राठौड ने बताया कि मृतक पढ़ाई छोड़ कर परिवार का खेती बाड़ी में हाथ बंटाने लग गया था। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक संजय उर्फ मंगलराम (22) पुत्र रामनाथ बैरवा निवासी रजवास शुक्रवार को दोपहर बाद कृषि कार्य के लिए करीब 3 बजे खेत पर गया था। देर शाम को भी वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे अपने स्तर पर तलाश की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। शनिवार शाम को परिजन खेत पर गए। जहां उसका शव कुए में पानी की ऊपरी सतह पर नजर आया। जिसकी सूचना पुलिस और ग्रामीणों को सूचना दी। बरोनी थाना प्रभारी बृजेंद्रसिंह राठौड मय जाप्ते के घटनास्थल पर पहुंचे। और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। टीम ने ने ग्रामीणों की मदद से शनिवार रात करीब 9 बजे युवक के शव को बाहर निकाला।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में दीनदयाल कॉलोनी में स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्म जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनको याद किया। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्रों को सामाजिक व आर्थिक और शारीरिक रूप से सुदृड करना है। उन्होंने बताया कि यह मिशन आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी ढाँचा सुविधाएँ प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत बनाने के लिए वरदान साबित हुआ है। जिससे देश में टिकाऊ और संतुलित क्षेत्रीय विकास हुआ है। इस दौरान शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा, जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह नाथावत, महामंत्री जयनारायण कुमावत, भाजपा नेता शंकरलाल पडियार, जीतू विजय, पार्षद बाबूलाल सैनी, शंकरलाल सैनी, बुधराम मीणा, लालचंद सैनी, प्रदीप पारीक, ओमप्रकाश वर्मा, वीरेंद्रसिंह राजावत, गिर्राज विजय एवं अविनाश पारीक सहित कई कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उनके जीवन के बारे में विस्तार से चर्चा की।

## इमाम हुसैन की याद मे निकाले ताजिया

**निवाई (का.स.)।** मोहर्रम ताजिया कमेटी के तत्वावधान में इमाम हुसैन की याद मे मातम के साथ डोल तासे बजाकर मातमी धुन के साथ ताजिया मोहर्रम निकाला गया। ताजिया पप्पू देशवाली के मोहल्ले से रवाना होते हुए मंख्य बाजार से भरकुआ तालाब पहुचा। इस अवसर पर शकील लुहार, हकीम, सलीम देशवाली, सद्दाम शेरा, जमील पटेल, मुस्तकीम शाह, बाबु मनसुरी, आसीफ व निजामुद्दीन शाह सहित कई लोगों ने ताजिया मोहर्रम में शामिल लोगों को ठंडा पेयजल पिलाकर स्वागत किया।

## सवाई माधोपुर जिले में पिछले 24 घंटे में चौथ का बरवाड़ा (तहसील) में 214 एम.एम. सर्वाधिक वर्षा

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जल संसाधन खण्ड सवाई माधोपुर में रेनगेज स्टेशनों पर अब तक औसत वर्षा 286.25 एम.एम. दर्ज की गई हैं। जिले में अब तक कुल 5725 एम.एम. दर्ज की जा चुकी है।जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता अरूण शर्मा ने बताया कि जिले में स्थापित रेनगेट स्टेशनों ढ़ील बांध रविवार को 120 एम.एम. सहित अब तक कुल 408 एम.एम., मानसरोवर बांध रविवार को 60 एम.एम. सहित अब तक कुल 261 एम.एम., देवपुरा बांध 35 एम.एम. सहित अब तक कुल 380 एम.एम., पांचोलास बांध 20 एम.एम. सहित अब तक कुल 276 एम.एम., खण्डार आज 38 एम.एम. सहित अब तक कुल 223 एम.एम., सहित अब तक कुल 430 एम.एम., सवाई माधोपुर (मानटाउन) 131 एम.एम. बारिश हो चुकि है।

# यादव समाज ने बालकों की भावनाओं को समझते हुए की है एक अनूठी पहल - बाबा बालकनाथ

## यादव गोपालपुरा में सार्वजनिक पुस्तकालय का किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत झिलाय के यादव गोपालपुरा में सामुदायिक केन्द्र में श्री कृष्णा सार्वजनिक पुस्तकालय का शुभारंभ मूख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं विधायक बाबा बालकनाथ महाराज एवं विधायक रामसहाय वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना करके फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं विधायक बालकनाथ ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है, जिसके साथ ही काफी प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है, साथ ही शिक्षा का स्तर में मंहगा होता जा रहा है, सामान्य एवं गरीब परिवारों लिए कठिन होता जा रहा है। सम्पन्न परिवार सुख-सुविधाओं का लाभ लेकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ जाते है, लेकिन कमजोर एवं गरीब तबके के परिवारों के लिए यह संभव नही हो पाता है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के यादव समाज ने बालकों की भावनाओं को समझते हुए एक अनूठी पहल की शुरूआत कर नया आयाम स्थापित किया है। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि शहरों की भांति ग्रामीण क्षेत्र के बालक-बालिकाओं को सुविधाओं के अभाव में इस प्रतिस्पर्धा के युग में काफी संघर्ष कर उच्च शिखर पर पहुंचकर ग्रामीण क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है। राजस्थान यादव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र यादव ने कहा कि यादव समाज अधिकतर कृषि एवं पशुपालन पर निर्भर रहकर जीवन-यापन कर अपनी संतानों को शिक्षा से जोडकर तय लक्ष्य के अनुरूप काम कर रहा है, लेकिन आज भी कई ऐसे परिवार है, जो मार्गदर्शन के अभाव में कई प्रतियोगी परीक्षाओं से पिछड़ रहे है, ऐसे कार्यो से लाभान्वित होकर अपनी सफलता की ओर बढ़ेंगे। पूर्व सरपंच भंवरलाल यादव ने कहा कि वर्तमान के आधुनिक युग में शिक्षा के साथ-साथ भौतिक ज्ञान की भी महती आवश्यकता है, यहां के बालकों को शहरों की भांति ग्रामीण स्तर पर ही सुविधाएं मिलेगी तो समय के साथ-साथ अर्थिक भार से भी मुक्ति मिलेगी साथ ही शांत वातावरण में अपनी प्रतिभाओं आगे लाने में कारगर साबित होगी। इस दौरान पूर्व उपसरपंच कानाराम यादव, एडवोकेट बनवारीलाल यादव, भाजपा नेता जंसीलाल यादव, बंशीलाल दांतरदा, नारायण सहणा, हरिनारायण गौगड़, सागर सहणा, रामफूल यादव, कैलाश यादव व गिर्राज दांतरदा सहित यादव गोपालपुरा के कई महिलाएं और पुरूष सहित बालक-बालिकाएं मौजूद थे।

## बदला लेने के लिए छात्रा को फेल करने का आरोप, मंत्री दिलावर ने टीचर को किया निलंबित

### पीड़ित छात्रा ने मोड़क आए शिक्षा मंत्री दिलावर से शिकायत की

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर/ रामगंजमंडी (राकेश शर्मा)।** कोटा जिले में रामगंज मंडी क्षेत्र के मोड़क में शिक्षिका पर 11वीं कक्षा की प्रतिभावान छात्रा को बदले की भावना से जानबूझकर फेल करने का आरोप लगा। बालिका ने रविवार को मोड़क दौरे पर आए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से शिकायत की। इस पर मंत्री दिलावर ने शिक्षिका को तुरंत निलंबित करने के आदेश जारी कराए।

शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि बदला लेने के मंशा से बालिका को फेल करने की शिकायत मिली इस पर स्टूडेंट्स से दुर्व्यवहार करने वाली और भविष्य से खिलवाड़ करने वाली शिक्षिका सविता मीणा को निलंबित किया है। मंत्री मोहल्ला बैठक भाग लेने मोड़क आए थे। तब मोड़क के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा आयुषी कुमावत ने उनसे शिकायत की।

छात्रा ने की शिक्षा मंत्री से टीचर की शिकायत

आयुषी ने मंत्री को बताया कि फिजिक्स की व्याख्याता सविता मीणा से पुस्तकालय में किताबों को लेकर उसके चाचा सुनील कुमावत का विवाद हो गया था. इस पर बदला लेने की नीयत से शिक्षिका सविता मीणा ने आयुषी को 11वीं की वार्षिक परीक्षा में जानबूझकर फेल कर दिया।

आयुषी ने मंत्री दिलावर को बताया कि उसकी शिकायत पर दोबारा जांच कराई तो सप्लीमेंट्री दी गई, जबकि उसके 70.40 फीसदी अंक आए। इसके बावजूद फेल दर्शाया!उससे कमजोर कई स्टूडेंट्स को पास कर दिया। बालिका ने शिक्षा मंत्री दिलावर से शिक्षिका पर कार्रवाई की मांग की व शिकायत दी।

मंत्री दिलावर ने अधिकारियों से जानकारी ली तो पाया कि सविता मीणा के खिलाफ विद्यालय में कई शिकायतें हैं। इसके चलते पूर्व में एपीओ कर रखा है, लेकिन कोर्ट से स्टे ले आई। मंत्री दिलावर ने शिक्षिका मीणा को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। इस पर विभाग ने कार्रवाई भी कर दी।

## प्रथम आरती पूज्य गुरूदेव कुशलसिंह जी ने की



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र कें डिग्गी के नवनिर्मित श्री धाम के नवनिर्मित मन्दिर में प्रथम आरती रींगस धाम के पूज्य श्री किशनसिंह जी के हाथो हई।

श्री श्याम मित्र मंडल पद यात्रा संघ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अन्तिम दिन रविवार कों श्री धाम के नवनिर्मित मन्दिर में मूर्तियो की स्थापना हुई। मन्दिर में मूर्तियों की स्थापना के बाद महाआरती हुई। जिसमें प्रथम आरती श्री रींगस धाम के पूज्य गुरूदेव श्री किशल सिंह जी ने आरती की। वहीं रविवार को दोपहर में श्री श्याम रस गंगा का आयोजन हुआ। जिसमें गायक अविनाश शर्मा, आदित्य छीपा सहित अन्य कई कलाकारो ने भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया।सजी छप्पन भोग की झांकी :- श्री धाम डिग्गी के मन्दिर में मूर्तियों की स्थापना के बाद छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। ठाकुर जी के छप्पन भोग की प्रसादी का भोग लगाए जाने के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

आभार प्रकट :- श्री श्याम मित्र मंडल पदयात्रा संघ के पवन मेन्दवास्या ने श्री धाम में आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के सम्पन्न होने के बाद दिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया है। श्रद्धालुओं को मिलेगा दोहरी भक्ति का लाभ :- क्षैत्र की धार्मिक नगरी डिग्गी आने वाले श्रद्धालुओं को अब दोहरी भक्ति का लाभ मिलेगा। अब तक डिग्गी आने वाले श्रद्धालुओं को श्री कल्याण जी महाराज के दर्शनो का लाभ मिलता रहा है। लेकिन श्री धाम डिग्गी के मन्दिर में मूर्तियों की स्थापना के बाद श्रद्धालुओं को बाबा श्याम के दर्शनो के अलावा हनुमान जी महाराज व शिव पंचायत की पूजा कर दर्शनो का लाभ भी मिलेगा। संघ के मेन्दवास्या ने बताया कि श्री धाम के मन्दिर में नियमित पूजा अर्चना, नियमित आरती व नियमित भोग आरती की व्यवस्था की गई है। मन्दिर में निर्धारित समय पर आरती होगी व भोग भी लगेगा। उन्होंने डिग्गी धाम आने वाले श्रद्धालुओं से श्री धाम डिग्गी आकर बाबा श्याम सहित अन्य देवी देवताओं के दर्शन करने व पूजा अर्चना करने का आव्हान किया है।

## डॉ. आस्था जैन अध्यक्ष मनोनीत



बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। श्री आदिनाथ महिला मंडल मालपुरा के अध्यक्ष पद पर डॉ. आस्था जैन कों मनोनीत किया गया है। श्री आदिनाथ महिला मंडल की आवश्यक बैठक एडवोकेट शशि जैन की अध्यक्षता में आहुत हुई। बैठक में मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मंडल के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से डॉ. आस्था जैन को मनोनीत किया गया। साथ ही डॉ. जैन ने अपनी नवीन कार्यकारिणी भी घोषित की। नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मीनाक्षी जैन, सचिव सुनसना जैन, कोषाध्यक्ष रिंकू जैन, डिम्पल सोगानी व सीमा मंत्री को मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी के नए अध्यक्ष व कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियो का मौजुद महिलाओं ने स्वागत किया। गौरतलब है कि डॉ. आस्था जैन जिला आयोजना समिति सदस्य, नगरपालिका पार्षद एवं स्वयंसेवी संस्थाओ के पदो पर रहकर समाज व पीड़ित मानव की सेवा में पहचान बनाने वाले युवा समाजसेवी डॉ. अंकित जैन की धर्मपत्नि व क्षैत्र की सुविख्यात महिला चिकित्सक है।

## पंचायत समिति सवाई माधोपुर प्रधान निरमा मीणा अनियमितताओं के आरोप में निलंबित

### ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग ने जारी किए आदेश

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर/ जयपुर(राकेश शर्मा )। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग जयपुर राजस्थान ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर सवाई माधोपुर पंचायत समिति की प्रधान श्रीमती निर्मला मीणा को



गंभीर अनियमितताएं बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।विभाग के अतिरिक्त आयुक्त एवं उप शासन सचिव (जांच) इंद्रजीत सिंह ने जारी आदेश में बताया कि प्रधान श्रीमती निरमा मीणा द्वारा अनुमोदित प्लान को दरकिनार कर अपने चहेतों को नियम विरुद्ध कार्य स्वीकृत किए गए। इसके अलावा एफएफसी एवं एफएफसी मद में गाइडलाइन के विपरीत कार्य स्वीकृत कर करोड़ों रुपए की अनियमितताएं बरती गई है। आदेश में यह भी बताया कि प्रधान श्रीमती निरमा मीणा ने समय पर पंचायत समिति बैठक आयोजित नहीं की। साथ ही सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर अपने उपयोग में ली गई जिसकी जांच विभाग द्वारा करवाई गई! इस जांच रिपोर्ट में प्रधान श्रीमती निरमा मीणा को पूर्ण रूप से दोषी पाया गया, जो राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 38 के तहत कर्तव्यों में निर्वहन में अवचार एवं अब अपकीर्तिकर आचरण में दोषी की आचरण की श्रेणी में आता है। अतिरिक्त आयोजन ने बताया कि इस संबंध में प्रधान निर्माण मीणा को आरोप पत्र जारी किया गया है साथ ही तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अब प्रधान श्रीमती निरमा मीना किसी भी बैठक में भाग नहीं ले सकती हैं।

## बनास नदी में डूबने से युवक की मौत:मां और बहन के साथ गया था पिकनिक मनाने, नहाते समय गहरे पानी में चला गया



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** टोंक में सदर थाना क्षेत्र से गुजरी बनास नदी में नहाते समय डूबने से रविवार को एक युवक की मौत हो गई। वह अपनी मां और बहन के साथ गहलोत रपटे के पास बनास नदी में पिकनिक मनाने आया था। दोपहर को नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। वह चिल्लाया तो आस पास के लोग उसे बचाने पानी में कूदे, लेकिन तब तक वह डूब गया।

लोगों ने उसे कुछ देर में ही निकाला और बाइक से उसे सआदत अस्पताल लेकर आये। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में उसका पोस्टमॉर्टम करवाकर पुलिस ने उसे परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मृतक वन विभाग कार्यालय के पीछे की ओर जखीरा निवासी सलमान उर्फ़ अब्दुल हकीम (20) पुत्र रईश है। वह अपने पिता की तरह मजदूरी करता था। हादसे के दौरान उसकी मां और बहन पानी किनारे पर थे।पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा सदर थाना प्रभारी जयमल ने बताया कि रविवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे किसी व्यक्ति का फोन आया कि बनास नदी में डूबने से 1 युवक की मौत हो गई। वहां पुलिस गई, तब तक लोग और परिजन उसे निकाल कर अस्पताल ले आये थे। जहां पता करने पर सामने आया कि उसकी मौत हो चुकी है।

## सम्पादकीय

# बड़ी चुनौती है फैक्ट्री के धमाकों को रोकना

श्रम और रोजगार मंत्रालय के महानिदेशालय फ़ैक्ट्री सलाह सेवा और श्रम संस्थान द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के पंजीकृत फ़ैक्ट्रियों में दुर्घटनाओं के कारण हर दिन औसतन तीन मज़दूरों की मौत हुई है और 11 घायल होते हैं।

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पासमैलारम फेज एक इलाके में एक केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट में 34 कर्मचारियों की मौत हो गई। तीन दिन पहले उत्तर प्रदेश के नोएडा के थाना फेस वन क्षेत्र स्थित डी-93 सेक्टर-दो स्थित शाम पेंट इंडस्ट्रीज केमिकल की कंपनी में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि लपटें आसमान तक छूती नजर आई। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड टीम ने इस आग की घटना में किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान न होने की बात कही है। इसी 16 जून को उत्तर प्रदेश के अमरोहा जनपद के रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी से करीब दो किलोमीटर दूर यह फैक्ट्री चार महिलाओं की मौत हो चुकी थी। नौ घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि फैक्ट्री संचालक ने पटाखे बनाने के लिए आसपास की रहने वाली महिलाओं को कम मजदूरी पर रखा था। उन्हें केवल 300 रुपये दिहाड़ी दी जाती थी। मजदूरों को न कभी ट्रेनिंग दिलाई और नही आपातस्थित से निपटने का कोई प्रशिक्षण दिया गया। फैक्ट्री में दुर्घटनाएं होने पर कुछ दिन शोर मचता है। मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा होने के बाद सब शांत हो जाता है। दुर्घटनाएं रोकने की कोई योजना नही बनती। नहीं फैक्ट्री के श्रमिकों को दुर्घटना होने के समय की चुनौती बताई जाती हैं। दुर्घटना होने के समय की चुनौती के समय के लिए प्रशिक्षित भी नही किया जाता। दुर्घटना होने पर क्या किया जाए इसका भी प्रशिक्षण नहीं दिया जाता। फैक्ट्री लगती है किंतु उनका तकनीकि निरीक्षण नहीं होता। निरीक्षण करने वाली अधिकारी पैसे के बल पर अपने आफिस में ही बैठकर रिपोर्ट बना देते है। सही मायने में फैक्ट्रियों में होने वाली दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौत का जिम्मेदार वह अमला भी है जो समय-समय पर इनके सुरक्षा तंत्र का निरीक्षण करता है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय के महानिदेशालय फ़ैक्ट्री सलाह सेवा और श्रम संस्थान (छ्रत्नस्न्नस्स्र्ळ) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के पंजीकृत फ़ैक्ट्रियों में दुर्घटनाओं के कारण हर दिन औसतन तीन मज़दूरों की मौत हुई है और 11 घायल होते हैं। नवंबर 2022 में आरटीआई जवाब के अनुसार, भारत में रजिस्टर्ड फ़ैक्ट्रियों में हर साल होने वाली दुर्घटनाओं में 1,109 वर्करों की मौत हो गई और 4,000 से अधिक वर्कर घायल हुए। ये 2017 से 2020 के बीच आंकड़ों के आधार पर है। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि यह संख्या और भी ज्यादा है क्योंकि बड़े पैमाने पर असंगठित क्षेत्रों में होने वाले हादसों की रिपोर्ट दर्ज ही नहीं की जाती है।

निदेशालय जनरल फैक्ट्री एडवाइस सर्विस एंड लेबर इंस्टीट्यूट्स की रिपोर्ट, 2022 के अनुसार 2021 में, महाराष्ट्र में 6,492 खतरनाक फैक्ट्रियों में से केवल 1,551 का निरीक्षण किया गया, जिससे 23.89 प्रतिशत निरीक्षण दर प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त, 39,255 पंजीकृत फैक्ट्रियों में से केवल 3,158 का निरीक्षण किया गया। इससे 8.04 प्रतिशत निरीक्षण मिली।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 7 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 7 जुलाई 1124टायरस ने क्रूसेडर्स के सामने आत्मसमर्पण किया।
- 7 जुलाई 1438राजा चार्ल्स ने बोर्जेस की व्यावहारिक स्वीकृति जारी की, जिसमें कहा गया कि पोप से अधिक शक्ति वाली एक सामान्य चर्च परिषद हर 10 साल में आयोजित की जानी चाहिए।
- 7 जुलाई 1456जोन ऑफ आर्क को उनकी मृत्यु के 25 साल बाद पुनः सुनवाई के फैसले द्वारा विधर्म के आरोप से बरी किया गया।
- 7 जुलाई 1498 सम्राट मैक्सिमिलियन प्रथम ने वियना कोर्ट म्यूजिक एन्सेम्बल की स्थापना की, जिसमें बाद में वियना बॉयज़ चोइर शामिल हुआ।
- 7 जुलाई 1520 हर्नान कॉर्टेस और ट्लाक्सकैलन ने मेक्सिको में ओटुम्बा की लड़ाई में एज़्टेक सेना को हराया।
- 7 जुलाई 1534 न्यू ब्रंसविक में सेंट लॉरेंस की खाड़ी में यूरोपीय लोगों और मूल निवासियों के बीच पहला आदान-प्रदान हुआ।
- 7 जुलाई 1534 जैक्स कार्टियर ने चालुर खाड़ी में मिकमैक के साथ वस्तुओं का व्यापार किया।
- 7 जुलाई 1543 फ्रांसीसी सैनिकों ने लक्ज़मबर्ग पर आक्रमण किया।
- 7 जुलाई 1550 पारंपरिक रूप से माना जाता है कि इस दिन चॉकलेट यूरोप में आई।
- 7 जुलाई 1585 राजा हेनरी तृतीय और ड्यूक डी गुइज़ ने नेमॉर्स की संधि पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत फ्रांसीसी हुगुएनोट्स ने सभी स्वतंत्रताएं खो दीं।
- 7 जुलाई 1600 अंग्रेज खोजकर्ता जॉन मिल्डेनहॉल जमीन के रास्ते भारत पहुंचने वाले पहले अंग्रेजों में से एक थे।
- 7 जुलाई 1647 नेपल्स में ऊंची कीमतों और स्पेनिश शासन के खिलाफ लोगों का विद्रोह।
- 7 जुलाई 1668 आइज़ैक न्यूटन को ट्रिनिटी कॉलेज, कैम्ब्रिज से एम.ए. की उपाधि मिली।
- 7 जुलाई 1713 हैंडेल की ते देउम और जुबिलेट का प्रीमियर यूट्रेक्ट की संधि के उपलक्ष्य में हुआ।
- 7 जुलाई 1742 ब्लडी मार्श की लड़ाई-स्पेनिश सेना को जॉर्जिया में ब्रिटिश औपनिवेशिक सेना ने खदेड़ा।
- 7 जुलाई 1745 बोनी प्रिंस चार्ली स्कॉटलैंड के लिए रवाना हुए।
- 7 जुलाई 1753 ब्रिटिश संसद ने यहूदियों को नागरिकता प्रदान की।
- 7 जुलाई 1754 न्यूयॉर्क में किंग्स कॉलेज (बाद में कोलंबिया कॉलेज) खुला।
- 7 जुलाई 1768थॉमस मान के उपन्यास में जोहान बुडेनब्रुक की फर्म की स्थापना।
- 7 जुलाई 1777 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध- हबर्डटन की लड़ाई।
- 7 जुलाई 1798 अमेरिकी कांग्रेस ने फ्रांस के साथ संधियों को रद्द किया, जिससे 'अर्ध-युद्ध' छिड़ गया।
- 7 जुलाई 1801टूसेंट लौवर्चर ने हैती की स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 7 जुलाई 1802 न्यूयॉर्क में पहली कॉमिक बुक द वास्प प्रकाशित हुई।
- 7 जुलाई 1807 नेपोलियन बोनापार्ट और रूसी ज़ार अलेक्जेंडर ने तिलसिट की पहली संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 7 जुलाई 1814 वाल्टर स्कॉट का उपन्यास वेवरली प्रकाशित हुआ।

## विशेष आलेख

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता: नवाचार की उड़ान या बौद्धिक चोरी का यंत्र?



प्रियंका सौरभ

**जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले मॉडल — जैसे कि ओपनएआई का चैटजीपीटी या मेटा का लामा — करोड़ों पुस्तकों, वेबसाइटों, गीतों, समाचारों और चित्रों का अध्ययन करके प्रशिक्षित किए जाते हैं। इनका प्रशिक्षण इस तरह होता है जैसे कोई छात्र पुस्तकें पढ़कर ज्ञान प्राप्त करता है, लेकिन यह छात्र उस पुस्तक को पढ़ने से पहले लेखक से न अनुमति लेता है, न ही लेखक को श्रेय या पारिश्रमिक देता है। यही से विवाद आरंभ होता है। 2024 में अमेरिका में पहला मामला आया जिसमें कुछ उपन्यासकारों ने कंपनी 'एंथ्रॉपिक' पर आरोप लगाया कि उसने उनकी पुस्तकों का उपयोग अपने कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया।**

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज नई रचनात्मकता का माध्यम बन चुकी है, पर यह बहस का विषय है कि क्या यह नवाचार, रचनाकारों की मेहनत की चोरी पर टिका है? अमेरिका में अदालतों ने एआई द्वारा 'सीखी गई' सामग्री को उचित प्रयोग माना, पर रचनाकार असंतुष्ट हैं। भारत में समाचार एजेंसी एएनआई ने ओपनएआई के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन की शिकायत की है। देश में मौजूदा कानून इस तकनीकी चुनौती के लिए नाकाफी हैं। भारत को चाहिए कि वह अपने बौद्धिक संपदा कानूनों को अद्यतन करे ताकि तकनीकी विकास के साथ रचनात्मक अधिकारों की भी रक्षा हो सके।**

इक्कीसवीं सदी की सबसे बड़ी तकनीकी छलांगों में से एक है जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता — यानी ऐसा कंप्यूटर मस्तिष्क जो कहानी से लेकर समाचार रिपोर्ट, चित्र से लेकर कविता, और अदालत के निर्णय से लेकर संवाद तक खुद रच सकता है। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि इस मशीनी रचनात्मकता की नींव क्या किसी और की मेहनत पर टिकी है? क्या यह नई तकनीक रचनाकारों, लेखकों, पत्रकारों, चित्रकारों और संगीतकारों की बनाई सामग्रियों को चुपचाप अपने ज्ञान का हिस्सा बना रही है — बिना उनकी अनुमति, बिना कोई श्रेय दिए? हाल ही में अमेरिका की दो अदालतों में ऐसे ही मामलों पर निर्णय हुआ। इन फैसलों ने फिलहाल तकनीकी कंपनियों को राहत दी है, पर यह विषय अभी भी पूरी तरह सुलझा नहीं है। इन फैसलों ने पूरी दुनिया में बहस छेड़ दी है — और भारत भी इससे अछूता नहीं है।

जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले मॉडल — जैसे कि ओपनएआई का चैटजीपीटी या मेटा का लामा — करोड़ों पुस्तकों, वेबसाइटों, गीतों, समाचारों और चित्रों का अध्ययन करके प्रशिक्षित किए जाते हैं। इनका प्रशिक्षण इस तरह होता है जैसे कोई छात्र पुस्तकें पढ़कर ज्ञान प्राप्त करता है, लेकिन यह छात्र उस पुस्तक को पढ़ने से पहले लेखक से न अनुमति लेता है, न ही लेखक को श्रेय या पारिश्रमिक देता है। यही से विवाद आरंभ होता है। 2024 में अमेरिका में पहला मामला आया जिसमें कुछ उपन्यासकारों ने कंपनी 'एंथ्रॉपिक' पर आरोप लगाया कि उसने उनकी पुस्तकों का उपयोग अपने कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया। लेखकों का कहना था कि यह उनकी बौद्धिक संपदा का उल्लंघन है। परंतु अदालत ने निर्णय दिया कि यह मॉडल जो नई सामग्री उत्पन्न कर रहा है, वह मूल रचना से अलग, नया और परिवर्तित है। इसलिए यह 'उचित प्रयोग' की श्रेणी में आता है और कंपनी को अपराधी नहीं माना जा सकता।

दूसरे मामले में कंपनी मेटा पर साहित्य और पत्रकारिता सामग्री को बिना अनुमति इस्तेमाल करने का आरोप था। अदालत ने माना कि कंपनी ने सचमुच संरक्षित रचनाएं पढ़ी थीं, लेकिन उसका उद्देश्य कुछ नया सीखना और बनाना था, इसलिए इसे भी परिवर्तनकारी उपयोग मानते हुए मेटा को दोषमुक्त कर दिया गया। इन दोनों फैसलों से एक संदेश यह गया कि न्यायालय फिलहाल तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता दे रहे हैं, लेकिन लेखक समुदाय और बौद्धिक श्रमिकों के मन में यह सवाल घर करता जा रहा है कि यदि यह 'उचित प्रयोग' है, तो उनकी मेहनत, मौलिकता और अधिकारों का क्या? अब दृष्टि भारत की ओर मोड़ते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने वर्ष 2024 में ओपनएआई पर आरोप लगाया कि उसके संवाद आधारित मॉडल (जैसे चैटजीपीटी) उनकी समाचारों की भाषा, शैली और विषय-वस्तु की हूबहू नकल कर रहा है। इसके अलावा प्रकाशक संघों ने भी आरोप लगाए कि भारत में कॉपीराइट पंजीकरण की अनदेखी कर इन एआई कंपनियों ने भारतीय सामग्री का व्यावसायिक दोहन किया।

ओपनएआई का पक्ष यह था कि वह भारत में न तो अपने सर्वर चलाता है, न ही उसका कोई स्थायी कार्यालय है। उसका तर्क था कि उसकी तकनीक कुछ नया, परिवर्तित और जनहित में उपयोगी सामग्री तैयार करती है — और यह बौद्धिक चोरी नहीं कहलाती। यह मामला अब दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, और इसकी सुनवाई जुलाई के पहले सप्ताह में निर्धारित है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में अब यह बहस न्यायिक गलियारों में पहुंच चुकी है।

प्रश्न यह है कि क्या भारत का मौजूदा बौद्धिक संपदा कानून इस नई तकनीकी चुनौती के लिए तैयार है? 1957 में बनाए गए कॉपीराइट अधिनियम में 'उचित प्रयोग' की धारणा है, पर उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे मामलों की स्पष्ट व्याख्या नहीं है। ना ही भारत में ऐसा तंत्र है जो यह जांच सके कि कोई एआई मॉडल प्रशिक्षण के लिए किन सामग्रियों का उपयोग कर रहा है और वे सामग्री कॉपीराइट के अंतर्गत आती हैं या नहीं।

आज लेखक, कवि, चित्रकार, संगीतकार, फोटोग्राफर और पत्रकार यह महसूस कर रहे हैं कि उनका सृजन कार्य मशीनों के पेट में डाला जा रहा है, और बदले में उन्हें न कोई श्रेय मिल रहा है, न ही पारिश्रमिक। यह न केवल कानूनी बल्कि नैतिक चिंता का विषय है।

इस विषय पर बहस यह नहीं है कि तकनीक को रोका जाए। नवाचार और प्रौद्योगिकी की प्रगति आवश्यक है, लेकिन वह प्रगति ऐसी न हो जो मानवीय रचनात्मकता को निगल जाए। अगर कोई लेखक दस वर्षों की मेहनत से एक उपन्यास रचता है, और कोई मशीन दो सेकंड में उसकी शैली की नकल करके नया उत्पाद बनाती है, तो यह न तो न्यायसंगत है, न ही सम्मानजनक।

# लाखों गाँवों में सहकारी संस्थाएं, अमित शाह के लिए बड़ी चुनौती



हरीश शिवनानी

**मद्रास प्रेसीडेंसी के गवर्नर और और पक्षी-विज्ञानी कर्नल फ्रेडरिक निकोलसन बेट्स की रिपोर्ट के तहत भारत में पहली सहकारी संस्था तमिलनाडु के तिरूर में 30 अगस्त 1904 को स्थापित की गई, जो एशिया की पहली सहकारी संस्था मानी जाती है। तब से भारत के ग्रामीण आर्थिक विकास में सहकारी संस्थाओं ने कृषि,डेयरी,आवास और बैंकिंग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गुजरात की अमूल विश्व में दूध और दुग्ध उत्पादों का सबसे बड़ा सहकारी उत्पादक है।**

पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जो घोषणा की है वो शहरों और महानगरों में रहने वाले लोगों लिए शायद कोई महत्व नहीं रखती हो, पर ग्रामीणों के लिए एक अहम बात है। शाह ने अगले पांच वर्षों में देश के प्रत्येक गांव में सहकारी संस्था स्थापित करने और राष्ट्रीय सहकारी नीति बनाने की भी घोषणा की। पहली नज़र में यह आम तौर पर प्रायः नेताओं-मंत्रियों द्वारा मंचीय घोषणा की तरह लग सकती है, पर ऐसा नहीं है। यह घोषणा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि यह मोदी सरकार की सहकारिता विभाग मोदी सरकार का महत्वाकांक्षी मंत्रालय है और इसके मंत्री शाह आम तौर पर ऐसी औपचारिक घोषणाएं नहीं करते हैं। वे जानते हैं कि देश की अधिसंख्य जनसंख्या गाँवों में बसती है और गाँव में रहने वाला व्यक्ति ही जानता है कि गाँव और ग्रामीणों के लिए कोई सहकारी संस्था क्या मायने रखती है। भारत में सहकारी संस्थाएं ब्रिटिश काल से चली रही हैं।

मद्रास प्रेसीडेंसी के गवर्नर और और पक्षी-विज्ञानी कर्नल फ्रेडरिक निकोलसन बेट्स की रिपोर्ट के तहत भारत में पहली सहकारी संस्था तमिलनाडु के तिरूर में 30 अगस्त 1904 को स्थापित की गई, जो एशिया की पहली सहकारी संस्था मानी जाती है। तब से भारत के ग्रामीण आर्थिक विकास में सहकारी संस्थाओं ने कृषि,डेयरी,आवास और बैंकिंग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गुजरात की अमूल विश्व में दूध और दुग्ध उत्पादों का सबसे बड़ा सहकारी उत्पादक है। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) उर्वरकों के उत्पादन और विपणन में विश्व में खासा स्थान रखती है। कृभको यानी कृषक भारती सहकारी लिमिटेड किसानों को उर्वरक, बीज और अन्य कृषि इनपुट उपलब्ध करवाती है तो श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़ उत्पादन से महिलाओं को सशक्त बनाती है। राजस्थान स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड यानी 'एपेक्स बैंक' राजस्थान में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र की शीर्ष संस्था है। इन सबका प्राथमिक संबंध गाँवों और ग्रामीणों से है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार देश में करीब सात लाख गाँव हैं और शाह की मानें तो 2030 तक इनमें से हर गाँव में सहकारी संस्था बन जाएगी। सवाल यह है कि भारत के आधारभूत ढांचे और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और अन्य बातों को देखते हुए क्या यह व्यावहारिक रूप से संभव है? दरअसल इस शाही लक्ष्य की प्राप्ति में इतनी चुनौतियां, समस्याएं हैं कि शाह के लिए यह राह आसान नहीं है।

मुख्य चुनौतियों को कुछ बिंदुओं में समझा जा सकता है-

बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी की कमी- ग्रामीण क्षेत्रों में खराब कनेक्टिविटी, बिजली और इंटरनेट की कमी के कारण आधुनिक तकनीकों को अपनाना चुनौतीपूर्ण है। सहकारी समितियों को बाजार तक पहुंचने और सप्लाई चैन सिस्टम में तकनीकी पिछड़ापन प्रमुख बाधा है।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं युवा व डायनेमिक पुलिस अधिकारी श्री सुनील गुप्ता जोकि आजकल सवाईमाधोपुर जिले में अपनी सेवाए दे रहे हैं। 15 अगस्त सन 1973 को जयपुर में जन्में सुनील गुप्ता शुरू से ही होनहार रहे हैं। स्नातक विज्ञान से और स्नातकोत्तर इतिहास और समाजशास्त्र से करने के बाद राजकीय सेवा में 19 फरवरी 1996 से 30 नवंबर 99 तक कनिष्क लेखाकार निदेशालय कोष एवं लेखा में पदस्थापित हुए इसके बाद पी डब्लू डी उदयपुर स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग जयपुर और जयपुर विकास प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर रहे। 1 दिसंबर सन 1999 को उप निरीक्षक के पद पर राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में प्रशिक्षण शुरू किया। आरपीए में बेसिक ट्रेनिंग लेने के बाद फील्ड ट्रेनिंग सीकर जिले में हुई जहां पुलिस थाना नीमकाथाना में रहे और थाना अधिकारी दाता रामगढ़ सीकर में रहे। इसके बाद तत्कालीन गृहमंत्री राजस्थान सरकार द्वारा रावलता में राव शेखा जी की मूर्ति खंडित होने के बाद संभावित राजपूत / जाट तनाव को देखते हुए पद स्थापन किया गया। अपराध शाखा सीकर में रहे मुकुंदगढ़ झुंझुनू में रहे थाना अधिकारी बिसाऊ झुंझुनू रहे थाना एमआईए अलवर रहे,थाना अधिकारी नारायणपुर अलवर रहे, थाना अधिकारी बड़ौदा मेव अलवर रहे । इसके बाद फिर जयपुर गए जहां स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप में रहे फिर फरवरी 2014 में अलवर आए और थानाधिकारी टपूकड़ा रहे थानाधिकारी एमआईए रहे, थानाधिकारी लक्ष्मणगढ़ रहे, थानाधिकारी नीमराना रहे और उसके बाद ट्रैफिक इंस्पेक्टर अलवर रहे। यही से पुलिस निरीक्षक पद पर पदोन्नति होकर थानाधिकारी कोतवाली रहे । इसके बाद रिंगस थानाधिकारी, एस एच ओ लक्ष्मणगढ़ सीकर, थानाधिकारी बुढ़ाना झुंझुनू जेडीए जयपुर, थानाधिकारी जीआरपी जयपुर , थानाधिकारी पहाड़ी भरतपुर, थानाधिकारी आबकारी विभाग जयपुर, थानाधिकारी सेवर भरतपुर, थानाधिकारी भुसावर भरतपुर और 12 जनवरी 2025 से निरंतर थाना अधिकारी मानताड़न सवाई माधोपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सुनील गुप्ता जी को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए जाना जाता है मुकंदगढ़ में पद स्थापना के दौरान विदेशी युवती के साथ छेड़खानी के आरोपी को प्रकरण दर्ज होने का 18 घंटे के भीतर भीतर चालान न्यायालय में पेश कर डेढ़ वर्ष की सजा दिलवाई। मीडिया में राष्ट्रीय एवं



सुनील गुप्ता
(पुलिस निरीक्षक,राजः पुलिस)

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई, एमआईए अलवर में थाना अधिकारी रहते हुए गंगापुर सिटी सवाई माधोपुर के बहुचर्चित प्रकाश अध्यक्ष हत्याकांड का खुलासा जिस पर टीम को बधाई देने हेतु तत्कालीन सीएम वसुंधरा राजे ने आईजी जयपुर रेंज को अलवर भेजा था। दातारामगढ़ बिसाऊ और भुसावल में तीन ब्लाइंड मर्डर का खुलासा किया । बुहाना में एटीएम चोरी और भुसावर में बैंक नकबजनी का खुलासा और बरामदगी की । अनेक सनसनीखेज वारदातों का खुलासा व लगभग 50 से अधिक इनामी बदमाशों को दबोच के उनके सही ठिकाने पर पहुंचाया है। टीम बढता राजस्थान इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की नींव पर खड़ी हुई भाजपा आर्टिकल 370 के थे आलोचक

आज ही के दिन यानी की 06 जुलाई को श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था। साथ ही मुखर्जी को एक देश, एक निशान, एक विधान और एक प्रधान के संकल्प के अगुवाकार के तौर पर भी जाना जाता है। भारत के विकास में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बड़ा योगदान है।जब भी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम आता है, तो एक हिंदूवादी नेता की छवि उभरती है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जनसंघ का संस्थापक माना जाता है। जोकि बाद में भारतीय जनता पार्टी बनकर उभरी थी। आज ही के दिन यानी की 06 जुलाई को श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था। साथ ही मुखर्जी को एक देश, एक निशान, एक विधान और एक प्रधान के संकल्प के अगुवाकार के तौर पर भी जाना जाता है। भारत के विकास में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बड़ा योगदान है। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर राष्ट्रवादी नेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और परिवार

कलकत्ता के एक प्रतिष्ठित परिवार में 06 जुलाई 1901 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम आशुतोष मुखर्जी था। वहीं साल 1917 में उन्होंने मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की और साल 1921 में बीए की डिग्री प्राप्त की। साल 1923 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने लॉ की डिग्री हासिल की। फिर वह इंग्लैंड चले गए। फिर जब वह भारत वापस आए तो वह बैरिस्टर बन चुके थे। वहीं 33 साल की उम्र में मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने।

राजनीतिक सफर

सियासी सफर की शुरूआत में श्यामा प्रसाद मुखर्जी कांग्रेस पार्टी के सदस्य थे। लेकिन मतभेद होने पर वह हिंदू महासभा के सदस्य बन गए। साल 1939 में वह जब पश्चिम बंगाल के प्रवास पर गए, तो इस दौरान उनकी मुलाकात की। एक समय पर जब उनको यह एहसास हुआ कि मुस्लिम लीग भारत में अलगाव पैदा कर रही है, राजनीतिक दलों द्वारा मुस्लिमों के अधिकारों की बात की जाती है, लेकिन हिंदुओं की बात उठाने के लिए कोई राजनीतिक दल सामने नहीं आता है।

नेहरू मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा

साल 1947 में भारत के आजाद होने पर पहली बार सरकार का गठन किया गया और मंत्रिमंडल की स्थापना की गई। इस मंत्रिमंडल में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उद्योग मंत्री के रूप में जगह मिली। लेकिन उस दौरान परिस्थितियों को देखते हुए मुखर्जी ने साल 1950 में अपने पद से और कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। क्योंकि वह मानते थे कि नेहरू-लियाकत पैक्ट के जरिए हिंदुओं के साथ धोखा किया गया है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं। यदि आप किसी नई योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो थोड़ा समय लें ।

### वृष
वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। संयम बनाए रखें और खासतौर पर आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

### मिथुन
मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा। पैसों के लेन-देन में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### कर्क
कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी, पर उससे जुड़े लाभ भी होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई अधूरा कार्य पूरा करने का दबाव रहेगा

### सिंह
सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कन्या
कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी, विशेषतः शिक्षा और लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला
तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी। पेट और आंखों की समस्या से सतर्क रहें।

### वृश्चिक
वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक?की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी। मानसिक तनाव और सिरदर्द हो सकता है।

### धनु
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर
मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति का विवाद हल हो सकता है।

### कुंभ
कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
मीन राशि के लोगों का दिन सफलता और संतुलन दोनों लेकर आया है। कठिन समय खत्म होता दिख रहा है। व्यापार में नए अवसर मिलेंगे और विरोधियों पर विजय मिलेगी। खानपान पर ध्यान देना जरूरी है वरना पेट की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

दूर हो रहीं दूरियां, सुशासन हो रहा साकार...जयपुर में राहत 1300 पार

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर संचालित रास्ता खोलो अभियान बना मिसाल जयपुर जिले में खुलवाए गए 1 हजार 310 रास्ते, लाखों ग्रामीणों की राहें हुईं आसान

**फागी में सर्वाधिक 118 रास्ते खुलवाए, मौजमाबाद में प्रशासन ने खुलवाए 96 रास्ते ,सब... जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी निरंतर कर रहे अभियान की मॉनिटरिंग**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में संचालित रास्ता खालो अभियान अब ग्रामीणों एवं किसानों के लिए राहत का दूसरा नाम बन गया है। 8 महीने से भी कम समय में जयपुर जिले में बरसों से बंद एक हजार 310 रास्ते खुलवाकर लाखों ग्रामीणों की खेतों एवं गांवों की राह आसान की है। जयपुर जिले में रास्ता खोलो अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक आमजन को लाभांवित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अभियान के तहत रास्ते खुलवाने के मामले में फागी अव्वल है जहां सर्वाधिक 118 रास्ते खुलवाए गए हैं तो वहीं, मौजमाबाद में प्रशासन ने 96 रास्ते खुलवा कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की है।





रास्ता खोलो अभियान जिले में सुशासन की परिकल्पना को किस तरह साकार कर रहा है इसकी बानगी देखने को मिली फागी उपखण्ड के लदाना ग्राम में। जहां आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में ग्रामीणों ने मुख्य आबादी से गांव के श्मशान घाट को जाने वाले रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही को अंजाम देते हुए उपखण्ड अधिकारी श्री राकेश कुमार के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने मौका देखा और विगत 50 वर्षों से अतिक्रमण का दंश झेल रहे रास्ते को महज 3 दिनों में सहमति के आधार पर ना केवल अतिक्रमण मुक्त किया बल्कि इस रास्ते पर सीसी रोड एवं नाली का निमार्ण भी करवा दिया। प्रशासन की इस त्वरित कार्यवाही एवं संवेदनशील पहल से 4 फीट का तंग रास्ता अब 12 फीट की सुगम राह में तब्दील हो गई है जिससे गांव के हजारों आमजन को राहत मिली है।

### रास्ता खोलो अभियान से बदल रही तस्वीर

अभियान के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल अधिकारी श्री देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह 3 रास्ते खुलवाकर लाखों ग्रामीणों को राहत प्रदान की जा रही है। रास्ता खोलो अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े एक हजार 310 रास्ते खुलवाए गए हैं। उन्होंने ने बताया कि 15 नवंबर 2024 से 04 जुलाई 2025 तक अभियान के तहत जयपुर तहसील में 4 रास्ते, कालवाड़ तहसील में 8 रास्ते, आमेर तहसील में 69 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 60 रास्ते, आंधी तहसील में 74 रास्ते, बस्सी तहसील में 69 रास्ते, तूंगा तहसील में 45 रास्ते खुलवाए गए।

## तोपखाना हुजूरी से निकले ऐतिहासिक ताजिए पर हमला: असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़ और मारपीट, रामगंज थाने में एफआईआर दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मोहर्रम के मौके पर हर साल की तरह इस बार भी शनिवार देर रात तोपखाना हुजूरी बड़ा पार्क से ऐतिहासिक ताजिया जुलूस निकाला गया। लेकिन जुलूस के हवामहल की ओर रवाना होते समय माता का मण्ड मोहल्ला महावतान क्षेत्र में कुछ असामाजिक तत्वों ने जुलूस पर हमला कर धार्मिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने न सिर्फ ताजिए को क्षतिग्रस्त किया, बल्कि मौके पर मौजूद लोगों के साथ मारपीट भी की। इतना ही नहीं, ताजिए में रखा चांदी का सामान और चढ़ावा भी चोरी कर लिया गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया, लेकिन स्थानीय लोगों की सूझबूझ और संयम से हालात बिगड़ने से पहले ही काबू में आ गए। सूचना मिलते ही रामगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत किया। स्थानीय लोगों ने हमलावरों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। घटना को लेकर मुस्लिम समाज में भारी रोष है। लोगों ने इसे धार्मिक भावना आहत करने वाली करतूत बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।घटना के विरोध में समाज ने मोहर्रम की 10 तारीख को ताजिया नहीं उठाने का फैसला लिया है। लोगों ने एक स्वर में इस घटना की निंदा करते हुए शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। प्रशासन ने कहा जांच जारी है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## हाईकोर्ट ने वित्त सचिव और विधि सचिव को किया तलब:एजी-जीए ऑफिस में कार्यरत संविदाकर्मियों को न्यूनतम वेतन नहीं देने पर जताई नाराजगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता और राजकीय अधिवक्ता ऑफिस में कार्यरत संविदाकर्मियों को अदालत के आदेश के बाद भी न्यूनतम वेतन नहीं देने पर नाराजगी जताते हुए वित्त सचिव और विधि सचिव को अदालत में तलब किया हैं। दोनों अधिकारियों को सोमवार को अदालत में पेश होने के निर्देश दिए गए हैं।

दरअसल, इन संविदाकर्मियों को न्यूनतम वेतन देने के आदेश हाईकोर्ट ने 13 जनवरी 2022 को दिए थे। इसके खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। लेकिन यहां से भी 5 दिसम्बर 2024 को सरकार की एसएलपी खारिज हो गई थी।

लेकिन उसके बाद भी सरकार ने अदालती आदेश की पालना नहीं की। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली की खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील और संविदाकर्मियों की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।



### करीब 9 महीने पहले संविदाकर्मी ने की थी आत्महत्या

इसी मामले को लेकर करीब 9 महीने पहले एक संविदाकर्मी मनीष सैनी ने कार्यालय में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मनीष ने सुसाइड नोट भी लिखा था, जिसमें कहा था कि 'मुझे वीरगति प्राप्त हो, राज्य सरकार ने मेरा तो भला नहीं किया, लेकिन मेरे भाइयों का भला हो।'
मनीष की मौत के 12 घंटे बाद राज्य सरकार ने संविदाकर्मियों का मानदेय बढ़ा दिया। अब 6900 की जगह 17 हजार, 5600 की जगह 14 हजार और 4400 की जगह 11 हजार रुपए तक मानदेय मिल रहा हैं। लेकिन उसके बाद भी न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा हैं।

**पिछले 17 सालों से संविदा पर कार्यरत है कर्मचारी**

संविदाकर्मियों के अधिवक्ता सुरेश पारीक ने बताया कि ये संविदाकर्मी हाईकोर्ट में पिछले 17 सालों से महाधिवक्ता और राजकीय अधिवक्ता कार्यालय में कार्यरत हैं। लेकिन इन्हें ना तो न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है और ना ही इनका वेतन इनके खातों में आता हैं।इन तमाम विसंगतियों को दूर करने और स्थायी करने की मांग को लेकर संविदाकर्मियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर हाईकोर्ट ने इन कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन देने का आदेश दिया था। लेकिन आज साढ़े 3 साल बाद भी सरकार ने आदेशों की पालना नहीं की।

## अब विकास कार्यों को मिलेगी और अधिक गति -मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर लागू हुई नई व्यवस्था

**टेंडर के बाद प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति के लिए वित्त विभाग को पुनः प्रस्ताव भेजने की व्यवस्था समाप्त**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी सुशासन देने के लिए कृत संकल्पित है। विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक त्वरित रूप से पहुंचे, इसके लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही हैं। इसी नीति के तहत मुख्यमंत्री के निर्देश पर विकास कार्यों में तेजी लाने तथा प्रक्रिया में लगने वाले समय को न्यूनतम करने के लिए राज्य में अब नई व्यवस्था लागू की गई है। टेंडर के बाद प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति के लिए कार्यकारी विभाग द्वारा वित्त विभाग को फाइल भेजने की व्यवस्था अब समाप्त कर दी गई है। गत सरकार के समय शुरू हुई इस प्रक्रिया के कारण विकास कार्यों के शुरू होने में अनावश्यक विलंब हो रहा था। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य में यह नई व्यवस्था लागू की गई है। विकास कार्यों की घोषणा कर धरातल पर निर्माण कार्य शुरू करने में जानबूझ कर देरी करने की नीयत से गत सरकार के समय व्यवस्था की गई कि कार्यकारी



विभाग जब कार्य की स्वीकृति के प्रस्ताव के साथ वित्त विभाग को भिजवाता था, तब वित्त विभाग इस स्वीकृति के बजाय कार्य की केवल सैद्धांतिक स्वीकृति देता था। इसके बाद प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति के लिए संबंधित कार्यकारी विभाग को प्रस्ताव पुनः वित्त विभाग को भेजना पड़ता था। इस दोहरी प्रक्रिया में 15 से 30 दिन का अतिरिक्त समय लग रहा था। इससे एक ओर विकास कार्य की लागत बढ़ रही थी, वहीं दूसरी ओर आमजन को इनका समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा था।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा इस व्यवस्था में सुधार के निर्देशानुसार प्रक्रिया में संशोधन कर इसे प्रभावी बना दिया गया है। अब कार्यकारी विभाग से प्राप्त प्रस्ताव वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत होते ही निविदा उपरान्त कार्यादेश जारी करने के लिए कार्यकारी विभाग को ही सक्षम बना दिया गया है। कार्यकारी विभाग निविदा के उपरांत कार्यादेश राशि के आधार पर प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृत राशि को स्वयं ही पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। अत: प्रक्रिया के दूसरे चरण में पत्रावली वित्त विभाग को प्रेषित करने की आवश्यकता नही रहेगी। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से विकास कार्यों में तेजी आएगी और निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ विकास कार्य करवाने का राज्य सरकार का संकल्प धरातल पर साकार हो सकेगा।

**ब्यावर शहर आज बना आस्था, शांति और सौहार्द्र का प्रतीक**

## पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम का ताजिया निकाला




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद में आज मोहर्रम का ताजिया जुलूस पूरे सम्मान और अनुशासन के साथ निकाला गया। इसमें प्रमुख रुप से इमामबाड़ा अजमेरी गेट, कलम कागज़ी, छीपा ताजिया, कुरैशी, मेवाफरोश, छावनी पलटन और बुंडू शाह ताजिया थे। अपने-अपने स्थानों से रवाना होकर फतेहपुरिया चौपड़ पर इनका संगम हुआ। इस मौके पर विभिन्न अखाडों के पहलवानों ने तलवारे, भाले व लाठियां आदि चलाकर दिखाया।यह जुलूस मंसूरी प्लाज़ा, लोहारान चौपड़, चांग गेट और सिटी सिनेमा मार्ग से होता हुआ कर्बला पहुंचा, जहां ताजियों को पारंपरिक रूप से सैराब किया गया। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई, बिजली के तार ऊंचे करवाए गए, मार्गों की सफाई और रोशनी की समुचित व्यवस्था की गई।
मोहर्रम इंतजामियां कमेटी के अध्यक्ष पप्पू पहलवान और उनकी टीम — जिसमें अब्दुल मजीद, हारून छीपा, अफ़ज़ल सिलावट, साहिल कुरैशी समेत कई सदस्य शामिल थे — व्यवस्थाओं में दिन-रात जुटे रहे। इस शांतिपूर्ण आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब प्रशासन और समाज साथ मिलकर काम करें, तो हर आयोजन बन सकता है श्रद्धा, अनुशासन और भाईचारे का प्रतीक।

# सहकारिता मंत्रालय के चतुर्थ स्थापना दिवस पर राइसेम में आयोजित हुआ राज्यस्तरीय कार्यक्रम

**मंत्रालय का गठन सहकारी आन्दोलन की मजबूती की दिशा में मील का पत्थर, आमजन का विश्वास सुदृढ़ करने के लिए सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता के हो रहे प्रयास, केन्द्रीय सहकारी बैंक अकृषि ऋण वितरण की भी करें शुरूआत– सहकारिता मंत्री**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि सहकारिता के महत्व को समझते हुए उन्होंने 6 जुलाई, 2021 को सहकारिता मंत्रालय का गठन किया, जो देश में सहकारी आन्दोलन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर है। मंत्रालय के गठन के बाद विगत वर्षों में देश-प्रदेश में सहकारिता का महत्व काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सहकारी आन्दोलन को अधिक मजबूत करने के लिए हमें पैक्स स्तर तक संचालक मंडल को मजबूती प्रदान करनी होगी।

दक रविवार को राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध संस्थान (राइसेम) में सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के चतुर्थ स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह सहकारिता का दायरा बढ़ाकर प्रत्येक आम आदमी को इससे जोड़ना चाहते हैं। मंत्रालय द्वारा 'सहकार से समृद्धि' योजना के अंतर्गत 61 पहलें क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनसे सहकारी क्षेत्र निरन्तर




सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए सहायता में कोई कमी नहीं रखी जा रही है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि हमें और अधिक प्रयास करते हुए सहकारिता का दायरा बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। इसके अंतर्गत केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा नई शाखाएं खोलने के साथ ही अकृषि ऋण वितरित करने की शुरूआत की जा सकती है। विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अन्न भण्डारण योजना के तहत अधिक से अधिक गोदामों का निर्माण कर उन्हें किराये पर दिया जा सकता है।

एनसीसीएफ, नैफेड और एफसीआई जैसी संस्थाएं इन गोदामों को किराये पर लेने के लिए तत्पर हैं। श्री दक ने सहकारी भूमि विकास बैंकों के ऋणी सदस्यों के लिए एकमुश्त समझौता योजना शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को पुनर्जीवित करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि योजना को लेकर उत्साह का माहौल है और अब तक लगभग 250 करोड़ रुपये की रिकवरी की जा चुकी है।

दक ने कहा कि नवीन पैक्स के गठन के मामले में राज्य देश में दूसरे स्थान पर है। राज्य में 300 पैक्स के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 850 यानि लगभग तीन गुना पैक्स का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि शेष रही सभी ग्राम पंचायतों में 2 वर्ष में नवीन पैक्स गठित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लेकिन इसे एक वर्ष में ही पूरा करने के प्रयास किए जाएं। प्रत्येक पैक्स द्वारा न्यूनतम 5 एक्टिविटी आवश्यक रूप से संचालित की जाए। उन्होंने घाटे में चल रही कुछ प्रतिष्ठित सहकारी संस्थाओं को इससे उबारने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इस संबंध में हमें आत्म विश्लेषण करने की जरूरत है।

सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस एवं सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर इस बात का आंकलन करने का है कि हम किन अपेक्षाओं पर खरा उतरे और कहां पीछे रह गए। उन्होंने कहा कि राज्य में 'सहकार से समृद्धि' की पहलों को क्रियान्वित करने के अलावा भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। यहां किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ ही मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि भी प्रदान की जा रही है। वहीं, राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत इस वर्ष अतिरिक्त 2.50 लाख पात्र गोपालक परिवारों को लाभान्वित किया जाना है। एकमुश्त समझौता योजना के अंतर्गत सहकारी भूमि विकास बैंकों के अवधिपार ऋणी सदस्यों द्वारा केवल ऋण की मूल राशि चुकाने पर ब्याज की पूरी राशि माफ की जा रही है। सहकारी समितियों में पारदर्शिता के लिए पैक्स कम्प्यूटराइजेशन की दिशा में भी राज्य निरन्तर आगे बढ़ रहा है।

सहकारिता मंत्री एवं प्रमुख शासन सचिव सहित अन्य अधिकारियों ने इस अवसर पर हरियालो राजस्थान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने का संदेश दिया। बड़ी संख्या में सहकारिता विभाग के अधिकारीगण एवं सहकारजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## संसदीय कार्य मंत्री ने रविवार को सर्किट हाउस में की जनसुनवाई

**जनसुनवाई केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि सुशासन की आधारशिला है – संसदीय कार्य मंत्री**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जोधपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।



पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उत्तरदायी, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि सुशासन की आधारशिला है, जिसमें नागरिकों की भागीदारी और विश्वास सर्वोपरि है। जनसुनवाई का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुँचाना है।

**परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का हरसंभव प्रयास है कि किसी भी व्यक्ति को प्रशासनिक जटिलताओं के कारण अनावश्यक परेशान न होना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवेदनाओं का समाधान शीघ्र, पारदर्शी और संतोषजनक तरीके से करें।

**लुणावास चारणान के ग्रामीणों ने स्कूल क्रमोन्नयन पर जताया आभार**

राजकीय विद्यालय लुणावास चारणान के उच्च प्राथमिक विद्यालय का उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नयन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि अब हमारे गांव के बच्चों को उच्च अध्ययन के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा।
विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश—
श्री पटेल ने जनसुनवाई में राजस्व, शिक्षा, पंचायतीराज, डिस्कॉम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग,जोधपुर विकास प्राधिकरण और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों पर सुनवाई कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### मोहर्रम का ऐतिहासिक जुलूसः प्रागपुरा कस्बे में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल

# ईमाम हसन हुसैन की शहादत की याद में मातमी धुनों के बीच निकला मोहर्रम (ताजिए) का जुलूस

## पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिनभर अलर्ट मोड में रहा पुलिस जाप्ता

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में मुस्लिम समाज के लोगों ने पैगम्बर मोहम्मद के नवासे हसन तथा हुसैन की शहादत की याद में शाही जामा मस्जिद मोहर्रम वाले चौक से ढोल-ताशों की मातमी धुनों के बीच मोहर्रम (ताजिए) का जुलूस शुरू किया। विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने भी मुहर्रम मेले में शिरकत की और वक्फ बोर्ड कमेटी सदस्यों द्वारा उनका साफा बांधकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक धनकड़ ने कहा कि मोहर्रम का पर्व क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिमों के सौहार्द का प्रतीक है, जिसे स्थानीय लोग आपसी सद्भावना और शांति पूर्वक वर्षों से मनाते आ रहे हैं। यह जुलूस सीताराम मंदिर के सामने से होते हुए सुभाष चौक पहुंचा, जहां हिंदू समुदाय की महिलाओं ने पूजा अर्चना की और मुस्लिम समुदाय के महिला - पुरूषों ने नारियल के



गोलों को मुहर्रम के सामने तख्त से घुड़ाकर मन्नतें मांगी। प्रागपुरा वक्फ बोर्ड कमेटी के सदर आमीन मंसूरी ने बताया कि प्रागपुरा कस्बे का मोहर्रम ऐतिहासिक और सुप्रसिद्ध है, जिसे जयपुर-दिल्ली, यूपी, पंजाब, एमपी समेत आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों लोग देखने और जुलूस में शामिल होने आते हैं। कोटपूतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त के निर्देशन में एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन और डीएसपी शिप्रा राजावत व प्रागपुरा कार्यवाहक एसएचओ किरण सिंह यादव की मौजूदगी में मोहर्रम पर्व को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिनभर पुलिस सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त रहा। मोहर्रम मेले में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, बड़े-बुजुर्ग शामिल हुए। शाम को मगरिब की नमाज के ठीक पहले ताजिए को गांव स्थित कर्बला में दफना दिया गया। नायब सदर अयूब लुहार ने बताया कि मोहर्रम सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल है। यहां हिंदू समुदाय की महिलाएं पहले पूजा अर्चना करती हैं और उसके बाद ही ताजियों का जुलूस शुरू होता है। ये परंपरा चार सौ वर्ष पुरानी है, जिसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी निभाया जा रहा है। कमेटी सचिव समीर मोहम्मद ने बताया कि ताजियों के दौरान मनीष ब्रजेश किताब वाले ने ज्योति मेडिकल के सामने ठंडा शरबत और सुभाष चौक पर कमेटी सदस्यों ने मिठे पानी की छबिल लगाई। गोगा मंदिर स्थित आगंतुक और ग्रामवासियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। कस्बे के सम्पूर्ण बाजार में जगह-जगह विभिन्न स्टॉल पर मिठाई और खिलौने की दुकानें सजी रहीं। गोगाजी मंदिर के सामने दर्जनों बड़े झूले लगे, जिन पर दिनभर महिलाओं और पुरुषों की भीड़ लगी रही। मोहर्रम मेले के दौरान पुलिस का पर्याप्त जाप्ता दिनभर अलर्ट मोड में रहा। इस दौरान प्रागपुरा वक्फ बोर्ड कमेटी सचिव समीर मोहम्मद, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया, पूर्व सरपंच कैलाश चंद सैनी, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, उपेन्द्र सिंह शेखावत, इमरान लुहार, सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष अब्दुल सत्तार, शाही जामा मस्जिद इमाम मौलाना बरखाती, ताजियादार इकरामद्दीन शाह, असलम खान फारूखी, बाबू खोकर, रहीस लुहार, सद्दाम हुसैन, राजकुमार सैनी, रमजान जिंदरान, मुमताज लोहार, सलमान जिंदरान, महमूद लोहार समेत मेला कमेटी सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में देव शयनी एकादशी पर खाटू श्याम के दर्शनो के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

बढ़ता राजस्थान



हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)। श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में देव शयनी एकादशी पर खाटू श्याम के दर्शनो के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु चिलचिलाती धूप और उमस में कई किलोमीटर पैदल चलकर मंदिर पहुंचे। सड़कों पर श्याम भक्तों का जमावड़ा रहा खाटूश्याम मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।श्याम भक्तों ने जगह-जगह पेयजल, शर्बत और फल वितरण की व्यवस्था की। श्याम मंदिर सेवा धाम में पंडित संदीप तिवारी, अमन पंडित, दीपक पंडित,मनीष जोशी, ने श्याम बाबा का विभिन्न फूलों की मालाओं से श्रृंगार किया गया। ।मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भर गया। बाबा श्याम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। मंदिर के चारों तरफ फूल, माला, प्रसाद, खिलौने, सौंदर्य प्रसाधन, फल और मिठाई की सैकड़ों अस्थाई दुकानें लगीं। महू से बैंड-बाजों के साथ पदयात्राएं निकलीं। श्रद्धालु बाबा के निशान लेकर जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचे।

## खाटू श्यामजी की निशानी यात्रा गाजे बाजे से निकाली



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** देव शयनी एकादशी पर रविवार को राजनगर स्थित ओंकारेश्वर शिव मंदिर से खाटू श्याम जी के निशान यात्रा का आयोजन समस्त श्याम मित्र मंडल राजनगर की तरफ से बाबा श्याम को 20 वा निशान चढ़ाया गया निशान यात्रा में राजनगर, केशवनगर और बाल मंदिर कॉलोनी की महिलाएं पुरुषों व बच्चो ने बढ़ चढ़कर निशान यात्रा में शामिल हुए निशान यात्रा राजनगर स्थित ओंकारेश्वर शिव मंदिर प्रांगण से पैदल चलकर रणथंभौर सर्किल होते हुए अग्रसेन नगर बाबा श्याम दरबार पहुंचकर बाबा श्याम को निशाना चढ़ाया व बाबा श्याम की आरती कर प्रसाद वितरण किया। श्याम मित्र मण्डल कमेटी अध्यक्ष सदस्य सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि इसी महीने से बाबा श्याम निशान यात्रा में बाबा श्याम की झांकी ओर अखण्ड ज्योति भी निशान यात्रा में निरन्तर चलती रहेगी श्याम मित्र मण्डल राजनगर सदस्य,शेखर अग्रवाल, चंद्रमोहन गोयल, विनोद सोनी, श्रीराम शर्मा, महेश अग्रवाल,, शिवम् शर्मा, विजय सिंह सिसोदिया मुकुट बिहारी अग्रवाल,ने बताया कि निशान यात्रा में व्यवस्था को संभाल कर निशान यात्रा के आयोजन को सफल बनाया।

## पावटा की तृतीय गंगोत्री कांवड यात्रा दुर्गम पहाड़ी इलाके के रास्तों से उत्तरकाशी पहुंची

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के बाबा भूतनाथ मंदिर महंत जयराम दास त्यागी महाराज के सान्निध्य में पावटा के जोहड़ा धाम से 30 जून को रवाना हुई तृतीय गंगोत्री - पैदल कांवड़ यात्रा उत्तरकाशी पहुँच चुकी है। इस यात्रा के दौरान यात्रियों ने 2 जुलाई को गंगोत्री धाम पहुँचकर पवित्र गंगा जल भरने के साथ ही विधिवत कांवड़ यात्रा का पावटा के लिए शुभारंभ किया। यह यात्रा दुर्गम पहाड़ी इलाके के घने जंगलों वाले रास्ते से तीव्र चढ़ाई वाले मार्गों को पार करते हुए सकुशल उत्तरकाशी पहुंची है, जहाँ श्रद्धालुओं का उत्साह और उत्सव दोनों देखने लायक हैं। यात्रा मार्ग में हर पड़ाव पर श्रद्धालुओं द्वारा हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो रहा है। बाबा भूतनाथ कमेटी द्वारा यह तीसरी कांवड यात्रा आयोजित की जा रही है, जिससे यह यात्रा एक परंपरा का रूप ले चुकी है। इस धार्मिक और साहसिक यात्रा में मालीराम बाड़ीगर, मामराज भण्डारी, रवि स्वामी, धर्मेन्द्र बटवाल, सुरेन्द्र चौधरी, विनोद सैन, पवन सैनी, महेन्द्र कुमावत, राकेश सैनी, ईश्वर यादव एवं सत्यनारायण सैनी जैसे समर्पित श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा आगामी दिनों में विभिन्न पड़ावों से होते हुए कोटपूतली की ओर अग्रसर होगी, जहाँ 22 जुलाई को पावटा कस्बे में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी और 23 जुलाई को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा भूतनाथ को गंगाजल से जलाभिषेक किया जाएगा। यह यात्रा सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, धैर्य और समर्पण की मिसाल बनती जा रही है।

## एडवोकेट महेंद्र बोहरा बने जैन एकता मंच, ब्यावर के नए अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जैन एकता मंच ब्यावर की एक आवश्यक बैठक रविवार को आयोजित की गई, जिसमें संगठन के भावी कार्यों और सामाजिक सरोकारों को लेकर विचार-विमर्श हुआ।



बैठक में सर्वसम्मति से एडवोकेट महेंद्र बोहरा को मंच का नया अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद के लिए संजय नाहर ने महेंद्र बोहरा का नाम प्रस्तावित किया, जिसे संजय चोरडिया सहित सभी उपस्थित सदस्यों ने समर्थन देकर अनुमोदित किया। साथ ही संजय नाहर को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। मंच के नए अध्यक्ष महेंद्र बोहरा ने महामंत्री पद हेतु महावीर बाफना का नाम प्रस्तावित किया, जिसे हस्तीमल संचेती सहित सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की। कोषाध्यक्ष के रूप में राजूभाई सेठिया को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वधर्मी छात्रों को शिक्षा हेतु फीस में सहायता दी जाएगी और जीव कल्याण के उद्देश्य से पौधरोपण जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कोषाध्यक्ष द्वारा मंच का आय-व्यय विवरण भी प्रस्तुत किया गया। कार्यकारिणी के अन्य पदों जैसे उपाध्यक्ष व मंत्री के मनोनयन का अधिकार नव-निर्वाचित अध्यक्ष को दिया गया। बैठक का संचालन महामंत्री महावीर बाफना ने किया। इस अवसर पर प्रकाश मकाना, नीलेश बुरड़, महावीर लुनावत, अशोक संचेती, गौतम संचेती, पवन तातेड़, रमेश बाकलीवाल, राकेश चपलोत, धनेंद्र डोसी, मुकेश बाफना, नवलेश, संजय खटोड़, दिलीप कुमार दक, बाबूलाल आचा, महावीर नाहर, सज्जन सांखला, विनोद काला, अरविंद श्री, श्री माल, ज्ञानचंद सेठिया, शेरसिंह मरलेचा, अनिल डोसी, जितेंद्र धारीवाल, सुनील बम्ब, दलपत राज बोहरा, अमित बाबेल, हुक्मीचंद बोहरा, विनोद कोठारी, विनोद ठोलिया सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे।

## श्री जिनदत्त सूरीश्वर महाराज का 871वीं पुण्यतिथि पर हुई साधार्मिक भक्ति

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** श्री वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट की ओर से आज सुरजपोल बाहर स्थित दादाबाड़ी में आज खरतरगच्छ के प्रथम आचार्य भगवंत श्री जिनदत्त सुरीश्वरजी मा. सा. की 871 वीं पुण्यतिथि को बड़े हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाते हुए साधार्मिक भक्ति का आयोजन किया गया। ट्रस्ट सचिव दलपत दोशी ने बताया कि यहां चातुर्मास में विराजित साध्वी श्री विरलप्रभा श्रीजी आदि ठाणा 3 की निश्रा में गुरुदेव की बड़ी पूजा वासुपूज्य दादा भक्ति मंडल की सदस्याओं ने मधुर एवं सुरीले गीतों के माध्यम से बड़ी पूजा कराई गई। साध्वी वृंद के प्रवचन में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रावक और श्राविकाओं ने आत्मीय भाव से गुरुदेव की पूजा वंदना की। पूजा उत्सव के संपूर्ण लाभार्थी श्रीमती निर्मला बहिन,रोशनलाल कोठारी, भूपालपुरा परिवार की ओर से रखी गई थी। दोशी ने बताया कि ट्रस्ट मंडल द्वारा जिनदत्त रत्न मणि खूरतरगच्छ भवन में पूजा के पश्चात सभी के लिए साधर्मिक भक्ति रखी गई ।

## रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि का साहवा में किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** रतनगढ़ के पूर्व भाजपा विधायक अभिनेष महर्षि के साहवा पहुंचने पर कस्बे के परशुराम चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं और विप्र समाज संगठन के लोगो ने जोरदार स्वागत किया। रविवार को रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने साहवा और धीरवास बड़ा में कई कार्यक्रम में शिरकत कर भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। दोपहर बाद कस्बे के परशुराम चौक पर विप्र समाज के लोगो और भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभिनेष महर्षि का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद विधायक ने साहवा अल्पसंख्य मोर्चा के युवा नेता महेंद्र खान कुम्हार के घर पहुंचकर नव गृह प्रवेश की शुभकामनाएं दी तथा कस्बे के श्री कृष्ण गौ चिकित्सालय का अवलोकन कर बेसहारा गाय और जीव जंतुओं की अनूठी सेवा के लिए गौसेवकों की तारीफ की। इस अवसर पर केसरीचंद धुंधावत, विद्याधर पारीक, व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पारीक, तोलाराम सांकरोत, प्रमोद उपाध्याय, गोवर्धन पारीक , कृष्णलाल बोहरा, विकास अग्रवाल, नवल दुदानी ,रवि शर्मा सोमसीसर, सुभाष समरसोत, अंकित शर्मा, वासुदेव सैन, रघुवीर पारीक, इंद्र पारीक, रवि पारीक, किशोर गौड़, मुकेश शर्मा रेड़ी , संजय शर्मा सोमसीसर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और विप्र समाज के लोग उपस्थित थे।

# शिवपुराण मे दक्षप्रजापति के यज्ञ विध्वंस व बकरे का सिर लगाने की कथा सुनाई

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)। रीठौली मे सिद्ध बाबा की तपोभूमि पर जानकीदास व संत रामदास के सानिध्य मे आयोजित 11कुंडीय महायज्ञ मे आहूतियां दिलाई, शिवपुराण मे दक्षप्रजापति के यज्ञ को विध्वंस करने व प्रजापति दक्ष के सिर पर बकरे का सिर लगाकर यज्ञ पूरा कराने की कथा सुनाई। संत रामदास ने बताया कि यज्ञाचार्य पं. दिनेश शास्त्री ने 11कुंडियों में यजमानों से आहूतियां दिलाई।शिवपुराणाचार्य पं.मोनू शास्त्री पालनपुर वाले ने प्रजापति दक्षिण के यज्ञ मे हवनकुंड मे सती भस्म होने की जानकारी भगवान शिवशंकर कुपित हो गये। शिवशंकर ने अपने गण वीरभद्र व नंदी को भेजा।वीरभद्र व नंदी ने प्रजापति दक्ष के यज्ञ को विध्वंस कर दिया। दक्ष के सिर को धड़ से अलग कर दिया।

।आचार्य ने बताया कि यज्ञ



विध्वंस व दक्ष की सिर करने से यज्ञ मे उपस्थित विष्णु भगवान,ब्रम्हा जी,एवं देवी देवताओं ने भगवान शिवशंकर से प्रार्थना की,यज्ञ विध्वंस व प्रजापति दक्ष का सिर धड अलग होने से महायज्ञ अधूरे यज्ञ को पूरा करने की प्रार्थना व गुहार लगाई।शिवशंकर से प्रजापति दक्ष को जिंदा करने की। प्रार्थना पर शिवशंकर ने सबसे पहले बकरे को दक्ष के धड

पर रखवा कर बकरे सिर वाले प्रजापति दक्ष से महायज्ञ पूरा कराया। शिवशंकर भगवान ने कुपित हो हवन कुंड से सती के जले शरीर को लेकर कैलाश की ओर निकल गये।सती जी हिमाचल राजा, मां मैनावती के पुत्री पार्वती के रुप जन्म लिया।पार्वती ने घोर तपस्या कर शिवशंकर से विवाह रचाया। कलशयात्रा मे सामिल महिलाओं को प्रतिदिन पतल प्रसादी वितरण की जाती हैं ।

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने किया पूर्व मंत्री सांवरलाल जाट की मूर्ति का अनावरण

### केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, पूर्व मंत्री व विधायक भी रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

अराई/अजमेर। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रविवार को अरांई क्षेत्र के सिरोंज गांव में पूर्व मंत्री सांवरलाल जाट की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शिरकत की तथा पूर्व मंत्री सांवरलाल जाट की मूर्ति का अनावरण किया । इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि सांवरलाल जाट हमेशा ही किसानों और गरीबों के हितेषी रहे थे और पूरे राजस्थान को अपना एक परिवार मानते थे इसीलिए आज जन-जन के दिलों में सांवरलाल जी बसते हैं।



सांवरलाल जाट की परिवार को भी वसुंधरा राजे ने अपना परिवार बताया और कहा कि आजकल के जमाने में और आज कल के लोग अपने चेहरे पर अलग-अलग चेहरा चढ़ाते हैं लेकिन सावन लाल जाट जैसे अंदर से थे वैसे ही बाहर थे। पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने कहा कि सावर लाल जाट और मेरी एक ही पाठशाला थी हम दोनों ने भैरू सिंह जी की पाठशाला में पढ़ाई की थी इसलिए दोनों के विचार भी हमेशा मिलते रहे और साथ में मिलकर काम किया। कार्यक्रम को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने भी संबोधित किया। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राज्य सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने सरपंच रामलाल मीणा सहित ग्रामीणों को धन्यवाद दिया कि इतना अच्छा कार्यक्रम किया और सांवरलाल जाट की इतनी अच्छी प्रतिमा गांव में स्थापित की। इस समारोह में हजारों की संख्या में जिले भर से लोगों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम के अंत में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सबके साथ नारा लगाया जय जय राजस्थान।

# विशाल डाक कांवड यात्रा का पोस्टर विमोचनः भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए उमड़ेगी भीड़

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के गोपाल भैया मंदिर महंत मोहन दास रामायणी के सानिध्य में श्रीराम गौ सेवा समिति व भोले के भक्तों द्वारा रविवार को विशाल डाक कांवड यात्रा का पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर श्रीराम डाक कांवड गौ सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि 17 जुलाई को डाक कांवड़ यात्रा पावटा कस्बे के गोपाल भैया मंदिर से हर की पौड़ी (हरिद्वार) के लिए प्रस्थान करेगी और 20 जुलाई को गंगा का पवित्र जल भरकर पावटा के लिए आगमन करेंगे। इसके बाद




श्रावण माह में 23 जुलाई को भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए यह जल पावटा लाया जाएगा। डाक कांवड यात्रा में नितेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, गिरिराज कुमावत, संजू प्रजापत, सोमदत्त शर्मा समेत अन्य लोग शामिल होंगे। भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए इस डाक कांवड यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे। यह यात्रा न केवल भगवान शिव की भक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह समाज के लोगों को एकजुट करने और उनकी आध्यात्मिक भावनाओं को जगाने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस यात्रा के दौरान भक्तों द्वारा भगवान शिव की स्तुति और आराधना की जाएगी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। भोलेनाथ के भक्तों का कहना है कि डाक कावड़ का दूसरा जत्था 24 जुलाई की देर शाम को रवाना होगा। इस दौरान पूर्व उप सरपंच गिरिराज बोहरा, आदर्श रामलीला मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, कोषाध्यक्ष ललित शर्मा, विप्र वाहिनी दीपक पटेल, कार्तिक शर्मा, आर्यन शर्मा, कुणाल शर्मा, राघव शर्मा, नितिन मुद्गल, आशीष पंचोली, टिंकू कुमावत, प्रहलाद सैन, पूर्व वार्ड पार्षद राजू शर्मा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कपासन में भाजपा पदाधिकारियों ने पौधारोपण किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर जयंती पर रविवार को भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण किया गया।भाजपा नगर मंडल महामंत्री एवं नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि भाजपा नगर कपासन मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया की अगुवाई में नगर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र की उपनगरीय बस्ती भूपालखेड़ा स्थित संस्कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं वसीटा समाज के मोक्षधाम परिसर में पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।इस दौरान ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,मंडल उपाध्यक्ष चेतन शर्मा,शिवलाल माली,भगवतीलाल आचार्य,युवा मोर्चा के मनीष बारेगामा,बूथ अध्यक्ष गिरिराज वैष्णव, शंकरलाल माली,नंदलाल माली,मांगीलाल नायक, महिला मोर्चा सदस्य शांता देवी,छोटू माली,प्रिंस बागवान आदि क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## राणा पूंजा भील विकास समिति की जिला कार्यकारिणी गठित

### सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** श्री राणा पूंजा भील विकास समिति जिला शाखा चित्तौड़गढ़ की बैठक रविवार 6 जुलाई को गांधीनगर स्थित सामुदायिक भवन में सम्पन्न हुई जिसमें विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा सहित जिला कार्यकारिणी एवं तहसील अध्यक्षों की घोषणा की गई।जिला उपाध्यक्ष शम्भूलाल भील सेगवा ने बताया कि समिति की बैठक में जिला व तहसील कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से निर्विरोध पुनर्गठन किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर नारायण लाल भील नंगावली, जिला उपाध्यक्ष शम्भूलाल भील सेगवा, जिला संरक्षक शंकरलाल भील ओछड़ी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष खेमराज भील भट्टकोटड़ी, कोषाध्यक्ष देवालाल भील चित्तौड़गढ़, महासचिव रमेश भील जीत्यास, महामंत्री श्यामलाल भील ओछड़ी जिला खेल मंत्री रमेश भील धनोरा, जिला प्रवक्ता सुनील भील निम्बाहेड़ा, मण्डल सदस्य जमनालाल भील आमोलिया, गोपाललाल भील आकोड़िया, बाबुलाल भील रामाखेड़ा, मीडिया प्रभारी विमल कुमार भील सांगरिया, हितेश कुमार भील आतरी सहित सदस्य के रूप में गणेश भील बड़ोदिया, घीसुलाल भीलघटियावली खेड़ा, माधवलाल भील बावरिया खेड़ी का मनोनयनी किया गया।उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान ही विभिन्न तहसीलों के अध्यक्षों की घोषणा की गई जिसमें चित्तौड़गढ़ तहसील अध्यक्ष कमलेश भील एराल, बस्सी हीरालाल भील नलदा, गंगरार प्रभुलाल भील सोकड़िया, निम्बाहेड़ा उदयलाल भील भावलिया, भदेसर कालुलाल भील आसवरा, डूंगला उंकारलाल भील सांगरिया, भोपालसागर नानालाल भील अनोपपुरा, कपासन सोहनलाल भील भट्टों का बामनिया, रावतभाटा अमरलाल भील भुंजरखुर्द, राशमी प्रेमशंकर भील पहुंना को मनोनीत किया गया। इस दौरान एकलव्य छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर रतनलाल भील कनेरा को मनोनीत किया गया।

## गुरूपूर्णिमा महोत्सव एंव महायज्ञ को लेकर आहूतियो का दौर जारी

### भैरूजी महाराज एंव तेजेश्वर महावीर धाम पर होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** हाईवे एनएच 148डी नैनवां बाईपास भैरूजी महाराज देवधाम भूत्याखाल जवाणो का झोपड़ा में श्रीराम महायज्ञ,गुरूपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के लोगो ने बताया कि 4जुलाई से 10 जुलाई तक नित्य देव पूजन व हवन कुण्ड में आहूतिया दी जा रही है। रविवार को 11 जोड़ो ने हवन कुण्ड में आहूतिया दी गई। यज्ञाचार्य पं.मांगीलाल शर्मा ने हवन कुण्ड में वैदिक मंत्रोच्चारो के साथ आहूतिया जोड़ो से आहूतिया दिलवाई गई। रविवार को हवन कुण्ड में आहूतिया देने के लिए टोंक जिले के हरभावता से बालकान्द महाराज भी मौजूद रहे। 10 जुलाई को नित्यार्चन,देव विशिष्ट पूजन, दिग्पाल पूजन, गुरू पूजन के बाद पूर्णाहुति एंव महाप्रसादी का आयोजन किया जायेगा। श्रीराम महायज्ञ एंव गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन ब्रहमलीन बाबा बजरंगदास (लाल लंगोट वाले बाबा) की प्रेरणा से आयोजित किया जा रहा है। तेजेश्वर धाम पर भी आहूतिया का दौर जारी- कस्बे के वार्ड 12 श्री तेजेश्वर महावीर धाम पर भी सप्त दिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ एंव गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन को लेकर हवन कुण्ड में आहूतिया का दौर जारी है। यहां पर भी 10 जुलाई को गुरू पूजन के बाद पूर्णाहुति के साथ महाप्रसादी का आयोजन किया जायेगा।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में जय गोपाल भवन, फुलियां कलां में मेरा युवा भारत तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से टीम भगत सिंह आर्मी युवा मंडल द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, लेखन क्षमता एवं चिंतनशीलता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता के माध्यम से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों, कार्यों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अतिथिगण सीमा देवी, मुकेश तोषनीवाल एवं छोटू लाल धोबी के सान्निध्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने डॉ. मुखर्जी के जीवन दर्शन पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में कुल 50 युवाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को लेखन सामग्री एवं स्टेशनरी किट देकर सम्मानित किया गया।

### पीड़ित मानव सेवार्थ अनुकरणीय पहल

# थैलेसिमिया पर एच एल ए टाइपिंग टेस्ट एवं थैलेसीमिया के स्थाई समाधान हेतु बोन मेरो ट्रांसप्लांट हेतु निःशुल्क परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)।** स्व. भगवती लाल ढीलीवाल की स्मृति में प्रथम पुण्य तिथि के बीअवसर पर ढीलीवाल परिवार द्वारा थैलेसिमिया पर एच एल ए टाइपिंग टेस्ट एवं थैलेसीमिया के स्थाई समाधान हेतु बोन मेरो ट्रांसप्लांट हेतु निःशुल्क परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया। शिविर थैलेसीमिया एवं सिकल सेल वेलफेयर सोसायटी नीमच एवं आचार्य तुलसी बहुउद्देश्यीय फाउंडेशन (एटीबीएफ) चित्तौड़गढ़ के तत्वाधान में

रविवार को केसरिया जैन गुरुकुल, स्टेशन रोड चित्तौड़गढ़ में प्रातः 8 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें कुल 55 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों ने अपने परिजनों सहित पहुंच कर पंजियन कराकर शिविर में निःशुल्क एच एल ए जांच करवाया जिसका प्रति मरीज का खर्च 25 हजार के लगभग आयोजकों द्वारा वहन किया गया। शिविर में पीड़ित बच्चों एवं उनके परिजनों का मिलाकर कुल 102 एच एल ए जांच कर शेम्पल संगृहीत किया गया। शिविर में चित्तौड़गढ़ जिले के दुरस्त इलाकों सहित प्रतापगढ़, इंदौर, जोधपुर तक के लोगों ने पहुंच कर निःशुल्क परामर्श का लाभ उठाया।

एटीबीएफ के देव शर्मा ने बताया की थैलेसीमिया मेज़र बच्चों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, देश के सुप्रसिद्व हेमेटोलॉजिस्ट एवं बोन मेरो ट्रांसप्लांट स्पेशलिस्ट, डॉ सुनिल् भट्ट नारायणा हॉस्पिटल बंगलोर ) द्वारा निःशुल्क परामर्श एवम मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

थैलेसीमिया एवं सिकलसेल वेलफेयर सोसायटी नीमच के सत्येंद्र सिंह राठौड़ के अनुसार 12 वर्ष से कम आयु के बच्चो का, उनके सगे भाई बहनो ( कोई भी उम्र के हो ), निःशुल्क एच एल ए टाइपिंग जांच की गई व थैलेसिमिया मेजर बच्चे ओपीडी के लिए पुरानी सभी रिपोर्ट्स और फेरिटीन की नई रिपोर्ट जांच कर परामर्श प्रदान किया गया। राठौड़ ने बताया कि उन्होंने पूरे देश में अब तक 15 से अधिक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का निःशुल्क बोन मेरो ट्रांसप्लांट करवाया है।

संस्थापक सुनील ढीलीवाल के अनुसार चित्तौड़गढ़ जिले में इस प्रकार का यह पहला कैम्प आयोजित किया गया है जिसका मरीजों व परिवार को सीधा निःशुल्क लाभ मिला। थैलेसीमिया के इस शिविर में अतिथि पीएमओ डॉक्टर दिनेश वैष्णव, राम गुरबानी डायरेक्टर भाटिया एंड कंपनी, जैन गुरुकुल अध्यक्ष राजेश विरानी, बलवंत शिशोदिया मौजूद रहें।

पीएमओ डॉक्टर दिनेश वैष्णव ने सुनील ढीलीवाल के रक्तदान एवं थैलेसीमिया के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने पर उनका धन्यवाद दिया।

बैंगलोर से पहुंचे डॉक्टर सुनील भट्ट ने सभी मरीजों का एच एल ए जांच करने के बाद परिजनों को आवश्यक परामर्श प्रदान कर दवाएं लिखीं। शिविर में राजेश ढीलीवाल, विणा, रेखा, सौरभ, आयुष, चिराग, श्वेता, निषिका, आरवी, सिद्धम एवं समस्त ढीलीवाल परिवार उपस्थित रहे जिन्होंने आने वालों की ठहरने और भोजन की व्यवस्था की।

टीम एटीबीएफ महिला टीम से नगर अध्यक्ष पूर्णिमा मेहता, उपाध्याय तारा पारीक, सचिव अनामिका चौहान, तारा सहलोत, राखी गुप्ता, मिनाक्षी लड्ढा, प्रमीला बड़ाला, डॉक्टर दर्शना मेहता ने पंजीकरण कर अपनी सेवाएं दी।

पुरुष टीम एटीबीएफ से देव शर्मा, अभियंता अनिल सुखवाल, संजय जैन, लक्ष्मण छीपा, नासीर हुसेन, दिलीप सुथार, रवि जैन, शैलेन्द्र रांका, सुरेन्द्र टेलर, अनिल भूतड़ा आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

## छोटे जैन दिवाकर धर्म मुनि म.सा. का मंगलमय चातुर्मास प्रवेश

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** स्पष्ट वक्ता,लोह पुरुष छोटे जैन दिवाकर धर्म मुनि म.सा. आदि ठाणा 4 ,साध्वी रत्न श्री म. सा.आदि ठाणा 4 ने रविवार प्रातः 10 बजे मीरानगर जैन स्थानक से विहार कर गंभीरी नदी पुलिया, राणा सांगा बाजार होते हुए गांधीनगर किला रोड स्थित जैन दिवाकर स्वाध्याय साधना संस्थान भवन में चातुर्मासिक प्रवेश किया। चातुर्मास मंगल प्रवेश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओ ने भाग लिया। मीडिया संयोजक सुधीर जैन ने विज्ञप्ति में बताया कि प्रवेश यात्रा में युवाओं और महिलाओं ने श्रद्धा और धार्मिक ऊर्जा से जग में चमके जैन दिवाकर,चमक रहा भाई चमक रहा,जैन दिवाकर चमक रहा ,त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की, महावीर का क्या संदेश - जिओ और जीने दो आदि जयकारे लगाए। श्राविकाएँ और बालिकाएं मंगल गीत गाते हुए चल रहे थे। मंगल प्रवेश में दिल्ली,हरियाणा,मंदसौर,जावरा,भीलवाड़ा, डूंगला,बड़ी सादड़ी , निंबाहेड़ा,शंभूपुरा आदि स्थानों से श्रावक श्राविकाएं सम्मिलित हुए। चातुर्मास स्थल पहुंचने पर चातुर्मास यात्रा धर्मसभा में परिवर्तित हो गई । धर्मसभा में धर्म मुनि ने उपस्थित श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पानीपत से चित्तौड़गढ़ तक की लंबी यात्रा के बाद चित्तौड़गढ़ में चातुर्मास के लिए श्रावक श्राविकाओं की निरंतर विनती और गुरु महाराज जैन दिवाकर चौथमल जी महाराज द्वारा वर्षो पूर्व चित्तौड़गढ़ में चातुर्मास करने के आदेश की पालना कर हृदय में प्रसन्नता है। उन्होंने अपने प्रवचन में सभी को जैन धर्म से जुड़ने और विशेषकर अपने परिवार के युवाओं और बच्चों को चातुर्मास में अधिक से अधिक लाने का आह्वान किया ताकि आने वाले समय में धर्म को धारण करने की भावना निरंतर बनी रहे। उन्होंने त्याग और तपस्या पर जोर देते हुए चातुर्मास काल में 24 घंटे नवकार मंत्र जाप के प्रभावी संचालन के लिए सभी श्रावक श्राविकाओं को प्रेरणा दी । चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी भी धर्मसभा में उपस्थित रहे ।

## ड्राई डे पर डेंगू के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग का अभियान, घर-घर पहुंचकर दिया स्वच्छता का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** ड्राई डे के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रविवार को मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गठित स्वास्थ्य दलों ने घर-घर जाकर सर्वे कर संभावित डेंगू, मलेरिया, स्क्रब टायफस व चिकनगुनिया जैसे रोगों की रोकथाम के लिए स्त्रोतों की पहचान की तथा जल जमाव की स्थिति में जल निकासी की कार्यवाही सुनिश्चित की गई।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक सप्ताह ड्राई डे गतिविधियों के माध्यम से व्यापक जन सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि जिले को डेंगू व मलेरिया मुक्त बनाया जा सके। इस दौरान एंटीलार्वल गतिविधियों के तहत गमलों, कूलरों, टंकियों व अन्य जल संग्रहण स्थानों में दवा का छिड़काव किया गया।

## शंभूपुरा में एक पेड़ मां के नाम के साथ ही लगा निशुल्क चिकित्सा शिविर

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** शंभूपुरा सामरी सांवलिया शनि मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम व निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी जोशी ने भी एक पेड़ अपने मां के नाम लगाया,और सभी को संकल्प दिलाया मंडल संयोजक दिलखुश जाट ने कहा की चित्तौड़गढ़ के सांसद चंद्रप्रकाश जोशी ने बताया नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर जोर दिया सैकड़ो लोगों ने शिविर का लाभ उठाया डॉक्टरों की टीम द्वारा ब्लड प्रेशर शुगर मौसमी बीमारियों आदि जांच की गई दवाइयां निशुल्क वितरण भी किया । मोबाइल हेल्थ वैन भी उपलब्ध रही चित्तौड़ सांसद सीपी जोशी,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट चित्तौड़ प्रधान श्रीमती देवेंद्र कंवर एक पेड़ मां के नाम जिला संयोजक कर्नल सिंह काकरवा अनिल सिसोदिया शेखर शर्मा ओ, अध्यक्ष गोटू लाल सुथार चित्तौड़ विधानसभा संयोजक राजू अग्रवाल शंभूपुरा, मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण कुमावत श्रीमती कुसुम जयसवाल,महामंत्री अनिल सुखवाल, पार्टी के वरिष्ठ,अनिलजी आगाल, धनराज गुर्जर, कोषाध्यक्ष वृद्धि चंद डांगी युवा अध्यक्ष मुकेश जाट अरनियापंथ, रवि कल, जितेंद्र वैष्णव बंटी दास, श्यामजी मेघवाल श्याम सिंह सोलंकी,नारायण जी माली एडवोकेट राजकुमार गायरी हरि सिंह जी अमरण मुकेश जैन श्रवण नाथ योगी कमला देवी सोनी रमेश डांगी लाल सिंह डूडी, पूर्व उपसरपंच प्रभु लाल डांगी शंकर लाल बारेठ मदनलाल बारेट सामरी व कई महिलाओं सहित पार्टी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे विधानसभा संयोजक राजू अग्रवाल ने बताएं कि एक पेड़ मां के नाम को बढ़ावा देना और आमजन को पौधारोपण के महत्व के प्रति जागरूकता करना हर विधानसभा में बड़े पैमाने पर कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है ।

## भाजपा ने जिलेभर में मनाई डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती

### अयोध्या दर्शन कर लौटते समय भीलवाड़ा के हजारों कार्यकर्ताओं ने बांदीकुई स्टेशन पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

बढ़ता रजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रवादी चिंतक और करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी ने जिले भर में बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं विधायक उदयलाल भडाना के सान्निध्य में अयोध्या दर्शन कर लौटते समय बांदीकुई स्टेशन पर भीलवाड़ा के हजारों कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि देश में %एक प्रधान, एक विधान और एक निशान विचार के अग्रदूत डॉ मुखर्जी को याद करते हुए जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता हेतु उनका सर्वोच्च बलिदान हम सभी को सदैव राष्ट्रसेवा के कर्तव्यपथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देता रहेगा। विधायक उदयलाल भडाना ने कहा कि डॉ. मुखर्जी जी के प्रखर विचार, समग्र चिंतन, सर्वांगीण विकास हेतु मार्गदर्शन गौरवशाली भारत के निर्माण के आधार हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री भगवती प्रसाद जोशी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, मंजू चेचाणी, जिला मंत्री रेखा अजमेरा, प्रतिभा माली, जिलाध्यक्ष प्रवास प्रमुख मनोज बुलानी, मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर लाल जाट, कुलदीप शर्मा, जिला सोशल मीडिया संयोजक अजीत केसावत, सह संयोजक आकाश मालावत, मीनाक्षी नाथ, मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा, पंकज सुगंधी , प्रकाश सांगावत, सज्जन सुथार , मुकेश चेचाणी, अशोक अजमेरा, बजरंग सिंह राणावत, सावर गुर्जर, जितेन्द्र पाराशर सहित अनेक पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में ताजिए निकाले

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में शनिवार व रविवार को ताजिए निकाले गए। नौजवान हुसैनी कमेटी के लाइसेंसदार आबिद हुसैन ने बताया की हर साल की तरह इस साल भी इमाम हुसैन की याद में ताजिए निकाले गए। शनिवार को रात्रि 9 बजे इमामगाह से मुकाम उठा कर कर कस्बे में निकाले गए।

## शिक्षक संघ शेखावत जिला कमेटी की कपासन में हुई बैठक में संगठनात्मक

### विषयों पर विस्तृत चर्चा की

बढ़ता राजस्थान




**कपासन (नि.स.)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की जिला कमेटी की बैठक का सभाध्यक्ष एवं जिला संयुक्त मंत्री प्रदीप चौधरी की अध्यक्षता में नगर के राजमार्ग स्थित होटल हर्षित पैलेस परिसर में रविवार को आयोजन किया गया।

शिक्षक संघ शेखावत के चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष जयपाल बुरड़क ने बताया कि विगत दिनों संगठन द्वारा संचालित हुवे प्रदेश स्तरीय शिक्षक आंदोलन संबंधी समीक्षा की गयी।साथ ही जिलाध्यक्ष जयपाल बुरड़क ने बताया कि जुलाई व अगस्त माह में संगठन द्वारा दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।बैठक में जिला कमेटी द्वारा कपासन ब्लॉक मंत्री राजेंद्र यादव को उपशाखा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मजदूर विरोधी लेबर कोड बिल रद्द करने,शिक्षा नीति 2020 को रद्द करने,शिक्षा में ठेका प्रथा बंद करना,गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करना,न्यूनतम वेतन 26000 हजार करने,पीएफआरडीए बिल रद्द करने सहित विभिन्न मांगो को लेकर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल का राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत द्वारा समर्थन कर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जायेगा।जिला कोषाध्यक्ष विकास जांगिड़ ने कहाकि संगठन का सदस्यता अभियान जुलाई माह में पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा।उक्त बैठक में शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अधिकाधिक पौधारोपण करना,विद्यालयों में नामांकन वृद्धि सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक का संचालन ब्लॉक कपासन मंत्री राजेंद्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य रामसिंह चौधरी,जिला संघर्ष समिति सहसंयोजक मान सिंह, कपासन ब्लॉक उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी,फारूक खान, ब्लॉक कोषाध्यक्ष प्रमोद जांगिड़,ब्लॉक संघर्ष समिति संयोजक परमेश्वर जोया,निंबाहेड़ा अध्यक्ष सचिन मान, मंत्री विजेंद्र अवाना,भूपालसागर ब्लॉक संयोजक शीशपाल सहारण,श्रीराम,मुकेश,दयाचंद आदि शिक्षक संघ शेखावत के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तर भारतीयों पर हमलेः एडवोकेट दिनेश पाठक ने राज ठाकरे पर लगाम लगाने की माँग की



**Dinesh Pathak**
Advocate
Chamber No. 59 B block
Raj. High Court Jaipur
Email ID: dineshpathak.weir@gmail.com

Office/ res. :
79, Ganpati Enclave opp. Heera path new sanganer road
Mansarovar , Jaipur
Mob: 9887022919

1. माननीय पुलिस आयुक्त,
मुंबई पुलिस मुख्यालय,
मुंबई - 400001
2. माननीय मुख्यमंत्री,
महाराष्ट्र शासन,
मंत्रालय, मुंबई - 400032

विषय: राज ठाकरे के भड़काऊ भाषणों एवं MNS कार्यकर्ताओं द्वारा उत्तर भारतीयों और हिंदी भाषियों पर हमलों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तथा NSA लगाने की मांग।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हाल ही में महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के कार्यकर्ताओं द्वारा उत्तर भारतीयों और हिंदी भाषी नागरिकों के विरुद्ध हिंसक घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं में निर्दोष नागरिकों को केवल उनके भाषा या क्षेत्रीय पहचान के आधार पर पीटा गया, डराया गया और अपमानित किया गया है।उक्त घटनाओं के पीछे MNS प्रमुख श्री राज ठाकरे द्वारा दिए गए भड़काऊ, असंवैधानिक और विभाजनकारी भाषणों की अहम भूमिका है। उन्होंने खुले मंचों से हिंदी भाषियों को अपमानित करने वाले वक्तव्य

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर/जयपुर( यतेन्द्र पाण्डेय) । राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता दिनेश पाठक ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के भड़काऊ भाषणों एवं उनके कार्यकर्ताओं द्वारा उत्तर भारतीयों और हिंदी भाषी नागरिकों पर हो रहे हमलों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की माँग की है। उन्होंने इस मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई करने हेतु मुंबई पुलिस आयुक्त एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को ईमेल के जरिये शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत में उन्होंने उल्लेख किया है कि हाल ही में महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में हिंदी बोलने वाले निर्दोष नागरिकों को केवल भाषा एवं क्षेत्रीय पहचान के आधार पर पीटा गया, डराया गया एवं सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। एडवोकेट पाठक के अनुसार, यह घटनाएँ राज ठाकरे के भाषणों से प्रेरित हैं, जिनमें हिंदी भाषी लोगों के प्रति खुलेआम घृणा जताई गई है।

पत्र में चार प्रमुख माँगें रखी गई हैं

1. राज ठाकरे के भड़काऊ भाषणों के लिए बढ़ता राजस्थान

भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय)।, 1980 के तहत तत्काल गिरफ्तारी व कार्यवाही।

2. उत्तर भारतीयों एवं हिंदी भाषी नागरिकों पर हमलों में शामिल एमएनएस कार्यकर्ताओं की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई।

3. महाराष्ट्र में रह रहे सभी गैर-मराठी नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

4. उत्तर भारतीयों को निशाना बनाकर की गई घटनाओं पर विशेष जांच दल का गठन।

दिनेश पाठक ने अपनी शिकायत में चेताया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह स्थिति कानून व्यवस्था और राष्ट्र की एकता के लिए गंभीर संकट बन सकतीहै ।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाईःबाड़ी और सरमथुरा में पुष्प अर्पित किए



बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। बाड़ी में भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सभी ने मुखर्जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित किए।

भाजपा जिला महामंत्री अनिल गोयल ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था। वे एक प्रखर देशभक्त और राष्ट्रवादी नेता थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनका मानना था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो संविधान नहीं चल सकते। इसी संघर्ष के दौरान उन्हें 8 माह जम्मू-कश्मीर की जेल में रहना पड़ा। 23 जून 1953 को उनका बलिदान हो गया।

भाजपा कार्यकर्ता शिप्रा गर्ग ने मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने उनके त्याग और समर्पण को याद किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश मामा, नरेश यादव, नितिन शर्मा, सचिन बंसल, रविन्द्र कुमार, रामकुमार कुशवाह, दीनदयाल कोली, अनीता सिंघल, सतीश प्रजापति, धनंजय शर्मा सहित दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सरमथुरा मंडल में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मनाई जयंती वहीं सरमथुरा में बीजेपी मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा के नेतृत्व में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य डॉ. रामस्वरूप मीणा और पूर्व जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल मोदी मौजूद रहे।

ये रहे मौजूद

इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता हरिभगवान शर्मा, रामगोपाल हरदेनिया, राजेश यादव, पप्पू सिंह गुर्जर, भूदेव शर्मा, केदारनाथ पवैनी वाले, संजय पाराशर, भरतसिंह गुर्जर, मोनू राजपुरोहित, गोपाल सिंह जादौन, भरत सिंह मीना, नितिन शर्मा, योगेश जादौन, विक्की तिवारी, सोनी शर्मा सहित कई बूथ स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पिंजरे मे कैद हुआ लेपर्डः धर्मेटा गांव में बना हआ था मूवमेंट, वन विभाग ने लगाए थे 3 गांवों में पिंजरे

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में पिपलांत्री ग्राम पंचायत के धर्मेटा गांव में बीती रात्रि को वन विभाग के पिंजरे में लेपर्ड कैद हुआ। धर्मेटा के ग्रामीण प्रकाश चन्द्र व हीरालाल ने वन विभाग को इसकी जानकारी दी जिस पर रेस्क्यू टीम में रेंजर लादू लाल शर्मा, सत्यानंद गरासिया, वन्यजीव प्रेमी पन्नालाल कुमावत, घनश्याम पूर्बिया, वनरक्षक गिरधारी सिंह, अटल सिंह मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू टीम ने लेपर्ड को दूसरे पिंजरे में शिफ्ट कर उसकी स्वास्थ्य जांच की। जांच में लेपर्ड स्वस्थ्य पाया गया जिसके बाद लेपर्ड को कुंभलगढ़ वन्यजीव अभ्यारण में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।तीनों गांवों की दूरी दो से चार किलोमीटर है। आस-पास का एरिया वन क्षेत्र होने से लेपर्ड का यहां मूवमेंट बना रहता है। साथ ही यहां माइनिंग होने से लेपर्ड मार्बल की सॅलरी में उनको छिपने की जगह मिल जाती है।रेंजर लादू लाल शर्मा के अनुसार क्षेत्र में वन विभाग द्वारा पिपलांत्री, पुठोल व धर्मेटा क्षेत्र में लेपर्ड के मूवमेंट की जानकारी मिलने के बाद तीनों स्थानों पर लेपर्ड को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए गए थे। बीती रात को करीब 3.30 पर लेपर्ड पिंजरे में कैद हुआ जिसको वन मित्र प्रकाश चन्द्र ने देखा। लेपर्ड मादा है और इसकी उम्र करीब 5 से 6 के बीच है।

## मुख्यमंत्री की पहल पर कच्चा परकोटा के 300 परिवारों का 25 वर्षों के संघर्ष का सुखद अंत

# दीनदयाल अंत्योदय संबल योजना बनी उम्मीद की किरण गरीबों को मिला अपना हक़

## भरतपुर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सभी नागरिक सक्रिय भागीदारी बनें- जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर नगर निगम क्षेत्र के कच्चा परकोटा में निवास कर रहे 300 जरूरतमंदों को आवासीय पट्टे मिलने का का वर्षों पुराना सपना साकार हुआ। नगर निगम द्वारा दीनदयाल अंत्योदय संबल योजना के अंतर्गत रविवार को बीडीए ऑडिटोरियम में जिला कलक्टर कमर चौधरी, जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा सहित जनप्रतिनिधियों ने पट्टे वितरित किये तो उनका 25 वर्षों के संघर्ष का सुखद अंत हुआ।

जिला कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आवासीय पट्टे का सपना साकार कर मूलभूत जरूरत पूरी की है। उन्होंने कहा कि भरतपुर को आने वाले समय में पर्यटक सिटी के रूप विकसित किया जायेगा, इसके लिए सभी





नागरिकों को सक्रियता से भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए सभी नागरिक स्वयं के स्तर से पहल करें जिससे केवलादेव एवं लोहागढ स्टेडियम घूमने आने वाला पर्यटक शहर के बाजारों, पुरामहत्व के स्थलों को निहारने आ सके। उन्होंने कहा कि आवसीय पट्टा मिलने से अब कच्चा परकोटा क्षेत्र का भी चहुमुंखी विकास का सपना साकार होने के साथ परिवारों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ ीाी मिल सकेगा।

जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि सरकार ने आवासीय पट्टे का सपना साकार कर वर्षों पुरानी समस्या का निराकरण किया है इससे लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने में आसानी होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री महोदय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार भरतपुर के विकास के लिए ऐतिहासिक पहल कर रही है। गिरधारी तिवारी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की सोच अंतिम व्यक्ति को योजना का लाभ देना है यह सरकार ने आज पूरा किया है। कच्चा परकोटा संघर्ष समिति के इन्द्रजीत भारद्धाज संघर्ष के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने आमजनता को पट्टे प्रदान कर विकास का मार्ग खोला है इससे कच्चा परकोटा के लोग भी अब सुख की नींद ले सकेंगे।

नगर निगम आयुक्त श्रवण विश्नोई ने बताया कि पं. दीनदयाल अन्त्योदय संबल पखवाड़ा की सफलता और पारदर्शिता को सुनिश्चित करते हुए नगर निगम गरीबों के उत्थान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे। इस अवसर पर करीब 300 जरूरतमंद परिवारों को आवासीय पट्टे वितरित किए गए, जिससे न केवल उन्हें अपने आशियाने का कानूनी हक़ मिला, बल्कि जीवन में स्थायित्व और सम्मान की अनुभूति भी हुई। समारोह में गिरधारी गुप्ता एवं शैलेष कौशिक, पूर्व नेता प्रतिपक्ष रूपेंद्र सिंह महेन्द्रसिंह मग्गो, राजेन्द्र खंण्डेलवाल, सत्येन्द्र गोयल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे।

# बाघेरी नाका बांध ओवरफ्लोः बनास नदी में लगातार पानी आने से बाघेरी पर चली चादर, अब तक 18 बार छलक चुका है

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद के प्रमुख बांधों में से एक बाघेरी नाका बांध आज ओवरफ्लो हो गया। सुबह 6 बजे बांध ओवरफ्लो हो गया। बाघेरी नाका के छलकने के साथ ही क्षेत्र में खुशी का माहौल हो गया। बाघेरी नाका बांध के पानी से न केवल 346 गांवों में पेयजल आपूर्ति होती है बल्कि यहां का ओवरफ्लो पानी नंदसमंद बांध पहुंचता हैं जहां से नाथद्वारा में पेयजल आपूर्ति होती है। नंदसमंद के भरने के बाद बांध से खारी फीडर में पानी छोड़ा जाता है जो राजसमंद झील पहुंचता है। राजसमंद झील प्रमुख पेयजल स्त्रोत है।32.80 फीट गेज के बाघेरी नाका की कुल भराव क्षमता 311.68 एमसीएफटी है। बांध पर फिलहाल 10 सेमी की चादर चल रही है। उम्मीद है कि रात्रि 9 बजे ओवरफ्लो बढ़ सकता है। ओवरफ्लो पानी के बढ़ने के साथ ही पर्यटकों के नहाने पर रोक रहेगी जिससे कोई जनहानि नहीं हो।



**कब-कब छलका बाघेरी नाका**

**बाघेरी नाका अब तक कुल 18 बार छलक चुका है**

बाघेरी नाका 2006 में बनकर तैयार हुआ, उसी साल छलक गया था,इसके बाद 2007 में छलका था, लेकिन दो साल कमजोर मानसून के चलते 2008 व 2009 में ओवरफ्लो नहीं हुआ,2011 से 2015 तक लगातार बाघेरी ओवरफ्लो हुआ,27 जुलाई 2010, 17 अगस्त 2011, 29 अगस्त 2012, 18 अगस्त 2013, 27 अगस्त 2014 को, 27 जुलाई 2015, 18 जुलाई 2016, 22 जुलाई 2017, 29 जुलाई 2018, 16 अगस्त 2019 व 24 अगस्त 2020 और 4 अक्टूबर 2021 को छलका था, 2022 में 28 जुलाई को, 2023 को 18 जून को जबकि 2024 में 15 अगस्त को छलका था।

# राजकार्य में उदासीनता पर जिला कलक्टर ने दो अधिकारियों को दी चार्जशीट

## लक्ष्यों के अनुसार कार्य नहीं करने पर होगी सख्त कार्यवाही-जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजकार्य में उदासीनता बरतने एवं राज्य सरकार द्वारा चलाये गये अभियानों में लक्ष्यानुसार कार्य नहीं करने पर जिला कलक्टर कमर चौधरी ने जिले के दो खंड विकास अधिकारियों को नोटिस जारी किये गये है। जिला कलक्टर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल अभियान में लाभार्थियों का सत्यापन किया जाना था इस हेतु पोर्टल पर उपलब्ध कराये गये मॉडयूल पर लाभार्थियों के बैंक खाते व आईएफएससी कोड़ भी सत्यापन किया जाना था, इस कार्य में लापरवाही बरती गई। इसी प्रकार पं. दीनदयाल गरीबी मुक्त गांव योजनान्तर्गत द्धितीय चरण के क्रियान्यवन अन्तर्गत ब्लॉक भुसावर में सर्वे में लापरवाही बरतने पर 17 सीसीए के तहत विकास अधिकारी पंचायत समिति भुसावर के विकास अधिकारी गिर्राजसिंह बुनकर को चार्जशीट दी गई है।जिला ककलक्टर ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल अभियान में लाभार्थियों का सत्यापन किया जाना था इस हेतु पोर्टल पर उपलब्ध कराये गये मॉडयूल पर लाभार्थियों के बैंक खाते व आईएफएससी कोड़ भी सत्यापन किया जाना था, इस कार्य में लापरवाही बरती गई। इसी प्रकार पं. दीनदयाल गरीबी मुक्त गांव योजनान्तर्गत द्धितीय चरण के क्रियान्यवन अन्तर्गत ब्लॉक नदबई में 122 गांवों के सर्वे में लापरवाही बरतने पर 17 सीसीए के तहत विकास अधिकारी पंचायत समिति नदबई के विकास अधिकारी सौदानसिंह को चार्जशीट दी गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी अधिकारी द्वारा राजकार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे अभियानों में सरकार की मंशा के अनुरूप सभी विभागों को कार्य करना होगा।

# मानसून की जोरदार बारिश से 15 दिन में भरा उपखण्ड का रामसागर बांध

## बांध पर चल रही 09 इंच की चादर,नहाने और घूमने पहुंच रहे श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। उपखंड क्षेत्र में इस बार पहले प्री मानसूनी बारिश और उसके बाद मानसून की शुरुआती बारिश ने ऐसा समां बांधा है की उपखंड क्षेत्र के अधिकांश बांध लबालब हो गए हैं। क्षेत्र के सबसे बड़े रामसागर बांध के ओवरफ्लो होने के बाद 9 इंची की चादर चल रही है। मानसूनी सीजन के 20 दिन में पूरे जिले में 314 एमएम बारिश दर्ज की गई है। ऐसे में तालाबशाही बांध,उर्मिला सागर बांध,आरटी बांध,उमरेह बांध के साथ हुसैनपुर बांध भी पूरे भरने की स्थिति में आ गए है और झलकने को तैयार है।

जिले में मानसून सीजन की अब तक 48प्रतिशत बारिश 15 दिन में ही हो चुकी है। सिंचाई विभाग के आंकड़ों के अनुसार 15 जून से 8 जुलाई तक पिछले वर्ष 33त्र बारिश हुई थी। लेकिन इस बार इंद्रदेव की मेहरबानी से जहां प्री मानसून में जमकर बदरा बरसे,वही मानसून के आते ही दो बारिशों ने तो ऐसा शमां बांधा है कि सावन से पहले ही रामसागर बांध ओवरफ्लो होकर छलक गया है। अभी मानसूनी सीजन के 3 महीने बाकी हैं।



सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता विवेक अग्रवाल ने बताया कि जिन्हें भर में मानसूनी सीजन में 650 एमएम बारिश होती है लेकिन वर्तमान में 20 दिन के अंदर 314 एमएम बारिश हो चुकी है। ऐसे में आगामी सीजन में बारिश के तेज होने पर सभी बांध तो ओवरफ्लो होंगे ही साथ में पानी का रिकॉर्ड बन सकता है।

वर्तमान में बाड़ी उपखंड के रामसागर बांध अपनी भराव क्षमता 25.1फीट से 9 इंच ऊपर चल रहा है। बांध में इस समय 25.10 फीट पानी है। वही तालाबशाही बांध की भराव क्षमता 11 फीट है। जिसमें 10.20 फीट पानी दर्ज किया है। आरटी बांध की भराव क्षमता 6.5 फीट के 6 फीट पानी आ गया है। ऐसे में एक बारिश होने के बाद यह दोनों बांध भी झलक उठेंगे। वहीं हुसैनपुर बांध,उमरेह बांध और उर्मिला सागर बांध भी आधे से अधिक भर चुके हैं। उर्मिला सागर की भराव क्षमता 28 फीट है। इसमे 24.80 फीट पानी दर्ज किया है। वहीं सबसे बड़ा आंगई बांध जिसकी भराव क्षमता 223.41 मीटर की। उसमें 221 मीटर पानी दर्ज किया गया है।

# नेवी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के नेवी पब्लिक स्कूल में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह बृजमोहन अवस्थी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के आरपी सुरेश भारद्वाज, प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा एवं जसवंत सिंह , विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष महेश भटेले के आथित्य एवं विद्यालय के संचालक एवं डायरेक्टर दारा सिंह पचौरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विद्यालय के निदेशक एवं संचालक दारा सिंह पचोरी ने समस्त अतिथियों का पगड़ी बांधकर माल्यार्पण कर शॉल उड़ाकर एवं मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया तथा प्रतिभावान छात्र-छात्रा रितिका राजपूत, ईशानवी शर्मा, वंशिका गुर्जर, हेमंत मीणा, प्रिंस परमार एवं यतेंद्र शिवहरे को अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर विद्यालय का पटका उड़ाकर, शील्ड प्रदान की गई। सम्मान समारोह में नमन पचौरी, गंगाराम जाटव, अजय कुमार, बनवारी सिंह परमार ,नीतू गुप्ता, सर्वेश परमार, सलोनी पचौरी, गौरव शुक्ला आदि विद्यालय स्टाफ के सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सत्य की नाव डगमग हो सकती है पर डूबती नहीं - श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान

कामां/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार, स्वसमाज और स्वराष्ट्र के उस पार दृष्टिक्षेप करके हम अखिल मानव-जाति तथा प्राणी मात्र से प्रेम का व्यवहार करें। विश्व-बंधुत्व का उदात्त भाव रखें । तथा सभी के साथ मैत्री करें। प्राणी मात्र के प्रति हम मित्र भाव से ही देखें और हमारे मन से सभी अपवित्र विचार श्रृंखला नष्ट हो जाए, हमारे मन में किसी के भी विषय में शत्रु भाव न हो, कोई बड़ा हो अथवा छोटा हो हमारा स्नेह भाव उन पर सदा हो। सत्य वचन और मृदु भाषा पर अत्यधिक बल दिया है । सत्य जीवन का वह अकाट्य धर्म है जिसने मनुष्य को सामाजिक तथा व्यवहारिक जीवन में प्रतिष्ठा प्रदान किए । साथ ही परलोक का मार्ग भी प्रशस्त किया है ।विजय सत्य की होती है असत्य की नहीं ।

उन्होंने कहा कि पृथ्वी में धारण करने की क्षमता सत्य से ही आती है?, सत्य के कारण ही सूर्य तपता है। सत्य के बल पर ही वायु का संचरण होता है तथा सर्वस्व की प्रतिष्ठा सत्य में ही है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा है कि धरम न दूसर सत्य समाना। आगम निगम पुराण बखाना। सत्य के बारे में



कबीरदास जी भी कहते हैं कि सत्य के बराबर कोई तप नहीं, झूठ के बराबर कोई पाप नहीं। साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप तथा जिसके हृदय में सत्य का वास है वहां भगवान का निवास है ।जाके हृदय सांच है, ताकि हृदय आप। उन्होंने कहा कि आग्रह, दुराग्रह, संग्रह, परिग्रह, निग्रह इन पांचो ग्रहों के रहते प्रभु का अनुग्रह नहीं मिलता। इन पांचो से स्वयं विचार पूर्वक ही मुक्त हो सकते हैं अन्य साधन से नहीं। दूसरों के कर्तव्य पालन की चिंता ना करके अपने कर्तव्य का पालन करें। दूसरों के बारे में सोचना ही है तो सर्वहितकारी चिंतन करें कि किसी के जीवन में अशांति, वेदना, दुख ना रहे। उन्होंने वाणी की मधुरता पर भी पर्याप्त बल दिया।

उन्होंने कहा कि सद्गुरु की कृपा से प्राप्त प्रभु नाम जपकर व कल्याणमय मार्ग पर चलने से व्यक्ति अवश्य ही भवसागर से पार उतर सकता है ।दृढ़ विश्वास पूर्वक परमात्मा का नाम जप भव रोगों की अचूक औषधि है। जन्म-मरण के चक्र में पड़ना, मां के गर्भ में भयानक नरक की यातनाएं सहना ये सभी समाप्त हो सकते हैं। हां प्रभु भक्तिमय, दृढ़ अनुरागमय जीवन कितनी बार भी क्यों ना मिले, व कितना लंबा क्यों ना मिले, राष्ट्रीयता,मानवता सेवा परोपकारमय जीवन की बार-बार याचना भी अवश्य करें। लेकिन जीवन पाकर हम प्रभु भक्ति ना करें, किसी के काम ना आ सकें, पृथ्वी पर भार बन जायें ऐसा जीवन हमें नहीं चाहिए।

# सैफ अली खान के हाथ से कैसे गई 15000 करोड़ रुपये की बेशकीमती प्रॉपर्टी, पैतृक संपत्ति 'दुश्मन संपत्ति' हुई घोषित

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने सैफ अली खान को झटका देते हुए अभिनेता की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने राज्य में उनकी 15,000 करोड़ रुपये की पैतृक संपत्तियों को %शत्रु संपत्ति% के रूप में चिह्नित करने के सरकार के फैसले को चुनौती दी थी।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने सैफ अली खान को झटका देते हुए अभिनेता की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने राज्य में उनकी 15,000 करोड़ रुपये की पैतृक संपत्तियों को %शत्रु संपत्ति% के रूप में चिह्नित करने के सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने वर्ष 2000 के ट्रायल कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें सैफ अली खान, उनकी बहनों सोहा और सबा तथा मां शर्मिला टैगोर को पैतृक संपत्तियों का उत्तराधिकारी माना गया था।

न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट को




संपत्ति उत्तराधिकार विवाद पर नए सिरे से सुनवाई करने तथा एक वर्ष की समय-सीमा निर्धारित करने का निर्देश दिया है। शत्रु संपत्ति अधिनियम 1968 के तहत केंद्र सरकार को वर्ष 1947 में विभाजन के बाद पाकिस्तान चले गए व्यक्तियों के स्वामित्व वाली संपत्तियों पर दावा करने की अनुमति है।पटौदी परिवार ने भोपाल और रायसेन में अपनी ज़मीनों पर दावा किया है, जिसमें कोहेफ़िज़ा का फ़्लैग हाउस, अहमदाबाद पैलेस, रायसेन के चिकलोद में स्थित कोठी और जंगल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नूर-ए-सबा, फ़्लैग हाउस, दार-उस-सलाम, फ़ोर क्वार्टर, न्यू क्वार्टर, फ़ारस खाना, कोहेफ़िज़ा और अहमदाबाद पैलेस जैसी संपत्तियाँ उनकी हैं।

ये हैं मुख्य अपडेट-

-यह मामला बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान से जुड़ा है, क्योंकि यह संपत्ति उनकी परदादी साजिदा सुल्तान से जुड़ी है। इससे पहले ट्रायल कोर्ट ने पूरी संपत्ति साजिदा सुल्तान को दे दी थी।

-हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को आदेश दिया है कि वह मामले की दोबारा सुनवाई करे और एक साल के अंदर नया फैसला दे। नवाब हमीदुल्ला खान के अन्य परिजनों ने पुराने फैसले को चुनौती देते हुए मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत संपत्ति का न्यायसंगत बंटवारा करने की मांग की है।

-गौरतलब है कि ट्रायल कोर्ट ने पूरी पुश्तैनी संपत्ति नवाब की बड़ी बेगम की बेटी साजिदा सुल्तान को दे दी थी, जिसे अब अन्य उत्तराधिकारियों ने चुनौती दी है।

-हाईकोर्ट के वकील हर्षित बारी के मुताबिक, मामले की दोबारा सुनवाई होगी और नए फैसले से तय होगा कि नवाब की अरबों की संपत्ति का हक किसे और कितना मिलना चाहिए।

# सिंगर जुबिन नौटियाल ने कहा- अब दर्द भरे नगमों से रोमांटिक गीतों की ओर बढ़ रहा हूं



नौटियाल को ''रातां लम्बियां'', ''लुट गए'', ''हमनवा मेरे'', ''तुझे कितने चाहने लगे हम'' और ''तुम ही आना'' जैसे लोकप्रिय गीतों के लिए जाना जाता है। नौटियाल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, ''पहले अलग-अलग संगीत विधाएं बहुत जटिल मानी जाती थीं।

भारतीय संगीत उद्योग के सबसे लोकप्रिय गायकों में से एक, जुबिन नौटियाल अपनी विशिष्ट शैली और सुरीली आवाज से संगीत उद्योग में अपनी अलग पहचान बनाई है।जाने-माने पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल ने बताया कि कैसे मोहित सूरी ने उन्हें आगामी फिल्म %सैयारा% के लिए %बरबाद% गीत की पेशकश की, जो रिकॉर्डिंग के दौरान सहजता से प्रवाहित हुआ। गायक जुबिन नौटियाल के मुताबिक अब वह दर्द भरे नगमों से हटकर उत्साहजनक और रोमांटिक संगीत की ओर रुख कर रहे हैं।

नौटियाल को ''रातां लम्बियां'', ''लुट गए'', ''हमनवा मेरे'', ''तुझे कितने चाहने लगे हम'' और ''तुम ही आना'' जैसे लोकप्रिय गीतों के लिए जाना जाता है। नौटियाल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, ''पहले अलग-अलग संगीत विधाएं बहुत जटिल मानी जाती थीं। लेकिन पिछले 10 वर्षों में गाते-गाते मैंने यह सीखा कि जब भी मैं कोई गाना रिकॉर्ड करता हूं, तो बस यही सोचता हूं कि क्या मैं इसे कर पाऊंगा। मैंने हर बार कोशिश की, चाहे वह सफल हो या असफल।''

उन्होंने कहा कि वह अब गायकी में नए आयाम तलाश रहे हैं। नौटियाल ने कहा, ''मैं अब ऐसी विधाओं में भी गा पा रहा हूं जिनके बारे में मैंने कभी सोचा नहीं था। लोग अब मेरे रोमांटिक अंदाज को पसंद कर रहे हैं और मुझे नए रोमांटिक गीत गाने का मौका मिल रहा है।'' उन्होंने बताया, ''एक समय था जब मुझे दर्द भरे नगमों के साथ जोड़ा जाने लगा था। लेकिन अब मुझे 'इश्क मेरा' और 'बर्बाद' जैसे रोमांटिक गाने में प्रस्तुति देने का अवसर मिल रहा हैं, जो मेरे लिए एक शानदार अनुभव है।''

''बर्बाद'' फ़िल्म निर्माता मोहित सूरी की नवीनतम फ़िल्म 'सैयारा' का एक गीत है। नौटियाल ने मोहित सूरी को धन्यवाद दिया और कहा कि यह गाना उनकी आवाज के लिए जैसे विशेष रूप से तैयार किया गया था। नौटियाल ने कहा, ''मोहित को पता था कि मेरी आवाज में गाना कैसा लगेगा। वह बहुत आश्वस्त थे। वह कहते थे, 'एक गाना है और मैं चाहता हूं कि तुम इसे गाओ।'

'बर्बाद' एक दर्द भरा नगमा लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं है। मोहित ने कहा कि यह एक रोमांटिक गाना है। यह उन गानों में से एक है जिसे लोग पसंद कर रहे हैं।'' उन्होंने ने कहा कि मोहित सूरी के साथ काम करना किसी भी संगीतकार के लिए एक सपने जैसा होता है। ''सैयारा'' फिल्म के निर्माता वाईआरएफ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षय विधानी हैं और यह 18 जुलाई को दुनियाभर में रिलीज होगी।

## कपिल शर्मा ने अर्चना पूरन को इसलिए कहा एनाकोंडा, नवजोत सिंह सिद्धू को एक्ट्रेस के दिए जवाब ने जीता दिल



द ग्रेट इंडियन कपिल शो% का तीसरा सीजन शुरू हो गया है। शो में हंसी-मजाक और किस्सों का दौर जारी है। नवजोत सिंह सिद्धू की वापसी हुई है। कपिल शर्मा ने अर्चना पूरन सिंह को %एनाकोंडा% कहा। गौतम गंभीर ने भी सिद्धू और अर्चना पर चुटकी ली।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का तीसरा सीजन फिर से किस्से-कहानियो और हंसी-मजाक, टांग खिंचाई की रौनक से सज चुका है। अर्चना पूरन सिंह के साथ-साथ अब नवजोत सिंह सिद्धू की वापसी ने शो में चार चांद लगा दिए हैं। हालांकि वह दूसरे एपिसोड में गायब रहे। मगर तीसरे एपिसोड में उन्होंने अपनी शायराना अंदाज से रंग जमा दिया। जब कपिल शर्मा ने उनसे उनकी गैरमौजूदगी के बारे में सवाल किया तो पूर्व क्रिकेटर ने मजाक में कहा कि उनको किसी ने वैनिटी वैन में अंदर बंद कर दिया था। इसके अलावा, कॉमेडियन ने अर्चना पूरन सिंह को एनाकोंडा भी कहा।

दरअसल, शो के दूसरे एपिसोड में जब नवजोत सिंह सिद्धू नजर नहीं आए तो लोगों ने कयास लगाया कि वह सिर्फ एक ही एपिसोड के लिए आए थे। वह शो में बतौर गेस्ट थे। जब कपिल शर्मा ने उनसे पूछा कि वह पिछली बार क्यों नहीं आए तो पाजी ने सही वजह नहीं बताई। मजाक में वैनिटी का बहाना कर दिया। इस पर कॉमेडियन ने भी मजाक में रिप्लाई दिया, कभी-कभी हमारे बीच में एक सांप होता है, आपकी तो आस्तीन भी इतनी बड़ी है कि पूरा अनकोंडा भी हो सकता है।

कपिल शर्मा ने अर्चना को एनाकोंडा कहा

कपिल शर्मा ने अर्चना पूरन सिंह की तरफ इशारा किया और चिढ़ाते हुए उनको %एनाकोंडा% कहा और सिद्धू से पूछा, %मैं आपको बताऊं कि आपको वैनिटीमें किसने बंद किया था?% इन सब हंसी-मजाक को एक्ट्रेस ने नजरअंदाज करने की कोशिश की। लेकिन अंत में उन्होंने नवजोत सिंह को %सिड% कहते हुए कहा, %सिड, तुम्हें लगता है कि मैं तुम्हारे साथ ऐसा कुछ करूंगी? कभी नहीं, तुम मेरे स्वीटहार्ट हो।%

## निधि भानुशाली ने 7 साल बाद बताया क्यों छोड़ा था तारक मेहता का उल्टा चश्मा, बोलीं- मेरा इमोशनल ब्रेकडाउन हुआ



तारक मेहता का उल्टा चश्मा में सोनू भिड़े का किरदार तीन एक्ट्रेसेस ने निभाया था, जिन्हें दर्शक आज तक नहीं भूले। पहले झील मेहता, सोनू भिड़े के किरदार में थीं, फिर उन्हें निधि भानुशाली ने रिप्लेस किया। जब निधि ने शो छोड़ा तो पलक सिधवानी ने सोनू भिड़े के किरदार में %तारक मेहता...% में एंट्री की थी। निधि भानुशाली के लिए कहा जाता रहा है कि उन्होंने आगे की पढ़ाई के कारण असित मोदी का यह शो छोड़ा था। पर एक्ट्रेस ने अब असल वजह बताई है।

तारक मेहता का उल्टा चश्मा% साल 2008 में लॉन्च हुआ था, और निधि भानुशाली इससे साल 2012 में जुड़ी थीं। साल 2019 में उन्होंने यह शो क्विट कर दिया था। निधि ने हमारे सहयोगी ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में तारक मेहता... छोड़ने की असली वजह बताई। साथ ही बताया कि उन्हें टप्पू सेना के साथ रिश्ता जोड़ने में कितनी मुश्किलें आईं और कैसे उन्हें सोनू भिड़े का रोल मिला था।

दिमाग में प्रेशर बन गया, इमोशनल ब्रेकडाउन हुआ

निधि भानुशाली ने बताया, मैं 7 साल तक %तारक मेहता का उल्टा चश्मा कर रही थी, और हर दिन सेम रुटीन होता था। शुरुआत में मैं इंजॉय कर रही थी क्योंकि मैं बहुत कुछ सीख रही थी, लेकिन जब यह रुटीन बन गया तो एहसास ही नहीं हुआ कि मेरे दिमाग में कितना प्रेशर बन चुका था। मेरा सेट पर सबसे बड़ा इमोशनल ब्रेकडाउन हो गया था।

# चुलबुली मनीषा रानी की इन तस्वीरों ने उड़ाया गर्दा



मनीषा रानी इस वक्त सरगुन मेहता और रवि दुबे के शो हाल-ए-दिल के लिए खूब तारीफें बटोर रही हैं। लोग मनीषा रानी के चुलबुले अंदाज के तो फैन थे ही, अब उनकी एक्टिंग के भी दीवाने हो गए हैं। इसी बीच मनीषा रानी ने अपनी नई तस्वीरों से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। फैंस मनीषा रानी का नया अवतार देख हैरान हुए जा रहे हैं और तारीफ कर रहे हैं। चौथी तस्वीर देखकर तो फैंस का दिल ही मचल उठा है। पर कुछ यूजर्स को मनीषा का यह अंदाज रास नहीं आया, और उनसे तस्वीरें डिलीट करने की मांग करने लगे।मनीषा रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें वह ऑफ-शोल्डर गाउन में हैं और काफी ग्लैमरस लग रही हैं। उनकी अदाएं तो और भी कातिलाना हैं और मुस्कान ऐसी है कि कलेजा चीर जाए। इन तस्वीरों को शेयर कर मनीषा ने लिखा है, क्या आप सच में मेरी आंखों में देख रहे हैं?

मनीषा रानी पर फैंस फिदा, चौथी तस्वीर पर हारे दिल

मनीषा की इन तस्वीरों पर फैंस खूब प्यार बरसा रहे हैं। एक ने लिखा है, ओएमजी रानी। इस आउटफिट में तो तुम एकदम स्टनिंग लग रही हो। इस आउटफिट में आपकी तस्वीरें चाहिए थीं, और आपने दे दीं। एक फैन ने कमेंट किया, वाह, हम देसी भी और क्लासी भी।% एक और कमेंट है, आपकी आंखों ने घायल कर दिया, अब इलाज चाहिए। एक बोला, चौथी फोटो तो एकदम WOW है। एक कमेंट है, बस करो यार, कहीं प्यार न हो जाए।

## काजोल ने 13 साल पुराने अजय देवगन और यशराज फिल्म्स में हुए झगड़े पर तोड़ी चुप्पी, कहा- मैं असहाय महससू कर रही थी



बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल इस वक्त अपनी फिल्म मां को लेकर सुर्खियों में हैं। बॉक्स ऑफिस पर उस मूवी ने कुछ खास तो नही किया लेकिन एक्ट्रेस के इंटरव्यू चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार और यशराज की फिल्म जब तक है जान के क्लैश के बारे में बात की। दोनों की बॉक्स ऑफिस पर साल 2012 में टक्कर हुई थी। इस दौरान हुए तनातनी में एक्ट्रेस फंस गई थीं। उन्होंने अब इसी झगड़े पर चुप्पी तोड़ी और बताया कि वह हेल्पलेस महसूस कर रही थीं।काजोल ने द लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में अपने पति अजय देवगन और यशराज फिल्म्स के बीच विवाद के बीच फंसने के बारे में बात की। यह 2012 की बात है जब अजय की फिल्म सन ऑफ सरदार और शाहरुख खान की फिल्म जब तक है जान% के बीच बॉक्स ऑफिस पर क्लेश हुआ था। एक्ट्रेस ने कहा, झगड़े हमेशा मुश्किल होते हैं, खासकर जब वो कुछ समय तक सुलझ नहीं पाते।

काजोल असहाय महससू कर रही थीं

काजोल ने आगे कहा, उस प्वॉइंट पर, जब आपके सामने ऐसी स्थिति हो, तो दोनों पार्टीज खुद के लिए खड़ी होती हैं। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में, जो दोनों साइड से कनेक्टेड था, खुद को हेल्पलेस महससू कर रही थी। आपको इंतजार करना होगा कि समय बीते, जिससे मनमुटाव कम हो जाए। चीजें फिर से ठीक हो सकें।% एक्ट्रेस ने कहा कि बदलाव न तो अच्छा ह और न बुरा। वह एक ऐसी चीज है जो स्थिर है।

अजय देवगन ने कर दिया था केस

बता दें कि 2012 में दोनों फिल्मों के क्लैश को लेकर विवाद हुआ था। अजय देवगन ने वायआरएफ के खिलाफ लीगल एक्शन लिया था और शिकायत दर्ज कराई थी। जब तक है जान को अलॉट हुई स्क्रीन्स की संख्या को लेकर एक्टर नाखुश थे। दोनों एक ही दिन 13 नवंबर को थिएटर में उतारी गई थीं। ऐसे में काजोल का रिश्ता अजय देवगन और आदित्य चोपड़ा, दोनों से ही था। वह किसी भी तरफ से बोल नहीं सकती थीं।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# भारत में जश्न, चीन ने दोहराया अपना दावा, उत्तराधिकार विवाद गहराया

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जश्न के बीच, भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने शनिवार को एक बार फिर दोहराया कि दलाई लामा को यह तय करने का कोई अधिकार नहीं है कि पुनर्जन्म की परंपरा जारी रहेगी या खत्म हो जाएगी। बता दें, अगले दलाई लामा को लेकर चीन और दलाई लामा के समर्थकों के बीच लंबा विवाद चल रहा है। एक तरफ ऐसी अटकलें हैं कि दलाई लामा की परंपरा को ही खत्म कर दिया जाएगा।॥ 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो का 90वां जन्मदिन धर्मशाला के दलाई लामा मंदिर सुगलागखांग के मुख्य प्रांगण में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर विभिन्न तिब्बती बौद्ध धर्मों के प्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों, अलग-अलग देशों के नर्तकों और गायकों, और दुनिया भर से आए बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने भाग लिया। देश-विदेश से आए कई नेताओं ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और दलाई लामा के वैश्विक शांति और धार्मिक सद्भाव के प्रति समर्पण की तारीफ की।

जन्मदिन के समारोह में एक विशाल केक के सामने बैठे दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने कहा कि यह लोगों का प्यार है जो उन्हें सभी प्राणियों की सेवा के रास्ते पर चलते रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं अपनी ओर से शांतिदेव के बोधिसत्वचर्यावतार (बोधिसत्व जीवन पद्धति) पर विचार करता हूं, सभी जीवों को अपना रिश्तेदार और मित्र मानता हूं, और मैं हमेशा अपनी क्षमता के अनुसार सभी की सेवा करने के बारे में सोचता हूं। इस जन्मदिन समारोह पर आप सभी बहुत खुशी के साथ यहां आए हैं। इसलिए धन्यवाद।

इस जश्न के बीच, भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने शनिवार को एक बार फिर दोहराया कि दलाई लामा को यह तय करने का कोई अधिकार नहीं है कि पुनर्जन्म की परंपरा जारी रहेगी या खत्म हो जाएगी। बता दें, अगले दलाई लामा को लेकर चीन और दलाई लामा के समर्थकों के बीच लंबा विवाद चल रहा है। एक तरफ ऐसी अटकलें हैं कि दलाई लामा की परंपरा को ही खत्म कर दिया जाएगा।

चीनी राजदूत ने सदियों पुरानी परंपरा का हवाला देते हुए कहा कि जीवित बुद्ध के पुनर्जन्म की प्रथा 700 साल से भी ज़्यादा समय से चली आ रही है और 14वें दलाई लामा इसी लंबी परंपरा का हिस्सा हैं।

## क्या है उत्तराधिकार का विवाद?

धर्मशाला 1959 से दलाई लामा का घर रहा है, जब वे चीनी शासन के खिलाफ एक असफल विद्रोह के बाद तिब्बत से भाग गए थे। तब से, उन्होंने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत तिब्बत के लिए ज़्यादा स्वायत्तता की आकांक्षाओं को बनाए रखा है और चीन के अंदर और बाहर तिब्बतियों को संगठित किया है।नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और तिब्बती बौद्ध धर्म के आध्यात्मिक प्रमुख दलाई लामा ने यह भी कहा है कि अगले दलाई लामा को पिछली बौद्ध परंपराओं के अनुसार ही खोजा और पहचाना जाना चाहिए, और उनके कार्यालय को ही इस खोज का नेतृत्व करना चाहिए। अतीत में उन्होंने कहा है कि उनके उत्तराधिकारी का जन्म स्वतंत्र दुनिया में होगा – यानी चीन के बाहर।इस सप्ताह, दलाई लामा ने अपने अनुयायियों से कहा कि उनके पुनर्जन्म को मान्यता देने का एकमात्र अधिकार उनके गैर-लाभकारी संस्थान, गादेन फोडरंग ट्रस्ट के पास है। हालांकि, चीन दलाई लामा को एक अलगाववादी मानता है और उसने जोर देकर कहा है कि केवल बीजिंग के पास ही उनके उत्तराधिकारी को मंजूरी देने का अधिकार है। चीन यह भी कहता है कि वह बीजिंग की सहमति के बिना चुने गए किसी भी व्यक्ति को अस्वीकार कर देगा। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, चीन के प्रवक्ता माओ निंग ने 2 जुलाई को कहा कि तिब्बती बौद्ध धर्म चीनी विशेषताओं वाला धर्म है और पुनर्जन्म की प्रक्रिया में पारंपरिक तरीकों का पालन करना चाहिए, जिसमें स्वर्ण कलश से लॉटरी निकालन भी शामिल है।

# हिमाचल में भारी बारिश का अलर्ट, सरकार और प्रशासन तैयार

बढ़ता राजस्थान



**शिमला ( एजेंसी )।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा, मंडी पर बहुत संकट आया है, बादल फटे हैं, कई जगह जलभराव हो गया है, संपर्क टूट गया है। सिराज, थुनाग के इलाकों में संपर्क टूट गया है लेकिन प्रशासन कड़ी नजर रख रहा है, प्रभावित लोगों के लिए राहत, बचाव के काम जारी है, हमारी टीम हर जगह पहुंची हुई है, सिराज, करसोग में भी नुकसान हुआ है और नाचन में भी कुछ इलाके प्रभावित हुए हैं, हम इन इलाकों का दौरा करेंगे।हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिलों में रविवार को कुछ जगहों पर बहुत ज़्यादा बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है। इसे देखते हुए, जिला प्रशासन को पूरी तरह से अलर्ट पर रखा गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने मंडी जिले के बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचीं। गौरतलब है कि इसी मंगलवार को मंडी जिले में बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही हुई थी। इस आपदा में 14 लोगों की जान चली गई और अभी भी 31 लापता लोगों की तलाश जारी है।

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने अपने मंडी दौरे से पहले कहा, मंडी पर बहुत संकट आया है, बादल फटे हैं, कई जगह जलभराव हो गया है, संपर्क टूट गया है। सिराज, थुनाग के इलाकों में संपर्क टूट गया है लेकिन प्रशासन कड़ी नजर रख रहा है, प्रभावित लोगों के लिए राहत, बचाव के काम जारी है, हमारी टीम हर जगह पहुंची हुई है, सिराज, करसोग में भी नुकसान हुआ है और नाचन में भी कुछ इलाके प्रभावित हुए हैं, हम इन इलाकों का दौरा करेंगे।

# गोपाल खेमका मर्डर केस-राहुल गांधी ने नीतीश सरकार पर साधा निशाना



बढ़ता राजस्थान

**पटना ( ऐजेंसी )।** राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका की सरेआम गोली मारकर हत्या किए जाने ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपा और नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को भारत की अपराध राजधानी बना दिया है। उन्होंने कहा, आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां आम बात हो गया है और सरकार पूरी तरह नाकाम है।

पटना के मशहूर कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या से बिहार सरकार और राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है, वहीं विपक्ष लगातार नीतीश सरकार पर हमलावर है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को भारत की अपराध राजधानी बना दिया है।

**राहुल गांधी का आरोप, भाजपा-नीतीश ने बिहार को बनाया अपराध राजधानी**

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका की सरेआम गोली मारकर हत्या किए जाने ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपा और नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को भारत की अपराध राजधानी बना दिया है। उन्होंने कहा, आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां आम बात हो गया है और सरकार पूरी तरह नाकाम है। कांग्रेस नेता ने कहा, बिहार के भाइयो और बहनो यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता। जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती।

# मोदी ब्राजील में, ब्रिक्स में उठाएंगे आतंकवाद का मुद्दा, अमेरिकी टैरिफ पर भी होगी चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**साओपाओलो ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे पहली प्राथमिकता यह है कि ब्रिक्स देशों का समूह आतंकवाद की कड़ी निंदा करे। उम्मीद है कि रियो डी जेनेरियो में जारी होने वाले ब्रिक्स घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की जाएगी। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें ज़्यादातर पर्यटक थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी घाना और त्रिनिदाद और टोबैगो की यात्रा पूरी करने के बाद रविवार (स्थानीय समय अनुसार शनिवार शाम) को ब्राजील पहुंच गए हैं। वे यहां रियो डी जेनेरियो में होने वाले 2025 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस साल का ब्रिक्स शिखर सम्मेलन कुछ खास है क्योंकि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के नेता व्लादिमीर पुतिन इसमें शामिल नहीं होंगे। फिर भी, इस सालाना बैठक का एजेंडा काफी भरा हुआ है।

ब्राजील, प्रधानमंत्री मोदी की पांच देशों की यात्रा का चौथा पड़ाव है, जो 2 जुलाई को शुरू हुई थी। वे सबसे पहले घाना गए, फिर त्रिनिदाद और टोबैगो। इसके बाद वे अर्जेंटीना पहुंचे, जो पिछले पांच दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। अब ब्राजील से वे नामीबिया जाएंगे, जहां उनका यह लंबा राजनयिक दौरा खत्म होगा।

ब्राजील में पीएम मोदी, भारत का ब्रिक्स एजेंडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे पहली प्राथमिकता यह है कि ब्रिक्स देशों का समूह आतंकवाद की कड़ी निंदा करे। उम्मीद है कि रियो डी जेनेरियो में जारी होने वाले ब्रिक्स घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की जाएगी। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें ज़्यादातर पर्यटक थे।

भारत ने इस हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें पीओजेके (पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर) और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था।

## ट्रंप के टैरिफ पर ब्रिक्स देशों की राय

रविवार को रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स नेताओं की बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए अंधाधुंध व्यापार शुल्कों (टैरिफ) की भी निंदा किए जाने की उम्मीद है। इन शुल्कों को अवैध बताया जाएगा और कहा जाएगा कि ये वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकते हैं।एएफपी द्वारा मिले शिखर सम्मेलन के मसौदा बयान के अनुसार, ये उभरते हुए देश, जो दुनिया की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं और वैश्विक आर्थिक उत्पादन में 40 प्रतिशत का योगदान देते हैं, अमेरिकी आयात शुल्कों को लेकर गंभीर चिंताएं जताने के लिए एकजुट हो गए हैं।मसौदा घोषणा में सीधे तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका या उसके राष्ट्रपति का नाम नहीं लिया गया है, लेकिन रविवार और सोमवार को होने वाली बातचीत में नेता इसमें बदलाव कर सकते हैं।मसौदा में कहा गया है, हम एकतरफा टैरिफ और ऐसे गैर-टैरिफ उपायों के बढ़ने पर गंभीर चिंता जताते हैं जो व्यापार को खराब करते हैं और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के खिलाफ हैं। मसौदा में चेतावनी दी गई है कि ऐसे कदम वैश्विक व्यापार को और कम करने की धमकी देते हैं और वैश्विक आर्थिक विकास की संभावनाओं को प्रभावित कर रहे हैं।

# पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ से सरकारी बंगला जल्द खाली कराएं:सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने केंद्र को लेटर लिखा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपने सरकारी बंगले (5, कृष्ण मेनन मार्ग) में तय समयसीमा से ज्यादा रह गए हैं। अब सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा कि पूर्व ष्टछ्व्द्ब से उनका बंगला जल्द खाली कराया जाए, ताकि हम उसे कोर्ट के हाउसिंग पूल में शामिल कर सकें।सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई को मिलाकर 33 जज हैं। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सेंक्शन संख्या 34 है। शीर्ष कोर्ट के चार जजों को अभी तक सरकारी बंगला नहीं मिला है।

**सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने चिट्ठी में क्या लिखा...**

सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने 1 जुलाई को केंद्रीय आवास और नगरीय मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखा। इसमें कहा कि 5 कृष्ण मेनन मार्ग बंगला पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के पजेशन में है। उन्हें बंगले को पास रखने की अनुमति भी 31 मई 2025 को खत्म हो गई है। इसे बिना देर किए खाली कराएं।

पूर्व सीजेआई बोले- बेटियों को खास सुविधाओं वाले घर की जरूरत बंगला खाली न कर पाने को लेकर पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, ऐसा निजी कारणों के चलते हुआ। सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन को इस बारे में जानकारी दी थी। मैं सरकारी बंगले में समयसीमा से ज्यादा नहीं रहना चाहता था, लेकिन मेरी बेटियों को कुछ खास सुविधाओं वाले घर की जरूरत है। इस साल फरवरी से मैं लगातार घूम रहा हूं। मैंने सर्विस अपार्टमेंट और होटल भी देखे, लेकिन वहां जाया नहीं जा सकता।

# महाराष्ट्र में हिंदी पर ठाकरे बंधुओं की एकता, संजय राउत ने सीएम स्टालिन के रुख को बताया अलग

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई ( एजेंसी )।** उद्धव सेना के सांसद संजय राउत ने साफ किया, हंदी थोपे जाने के खिलाफ उनके (स्टालिन के) रुख का मतलब है कि वे हिंदी नहीं बोलेंगे और न ही किसी को हिंदी बोलने देंगे। लेकिन महाराष्ट्र में हमारा रुख ऐसा नहीं है। हम हिंदी बोलते हैं। हमारा रुख यह है कि प्राथमिक विद्यालयों में हिंदी के लिए सख्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारी लड़ाई यहीं तक सीमित है। महाराष्ट्र में हिंदी को तीसरी भाषा के तौर पर फिर से शामिल करने के राज्य सरकार के फैसले पर, पिछले दिनों अलग-अलग चल रहे उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक साथ आए और जश्न मनाया था। अब, उद्धव सेना ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के उस समर्थन से खुद को थोड़ा अलग कर लिया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# बिहार चुनाव से पहले एनडीए में घमासान, चिराग पासवान का बड़ा ऐलान, सभी 243 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव



## चिराग पासवान शेर का बेटा है, डरने वाला नहीं

लोजपा-आर प्रमुख ने इस दौरान अपनी मजबूती और दृढ़ संकल्प भी दिखाया। उन्होंने कहा, %मुझे मेरी पार्टी से निकाला गया, घर से निकाला गया, परिवार से निकाला गया और वो लोग सोचते थे कि चिराग पासवान इतना कमजोर है कि इन बातों से डर जाएगा, घबरा जाएगा। पर जो लोग यह सोचते हैं कि इन बातों से चिराग पासवान के बढ़ते कदम रुक जाएंगे, वे लोग भूल जाते हैं कि चिराग पासवान शेर का बेटा है, राम विलास पासवान का बेटा है। उन्होंने आगे कहा, मैं ना रुकने वाला हूं, ना थकने वाला हूं और डरता तो मैं किसी से नहीं हूं। जितनी ताकत आजमानी है आजमा लो। सर पर कफन बांध के निकला हूं कि जब तक बिहार को विकसित राज्य नहीं बना दूंगा तब तक मैं भी चैन की सांस नहीं लूंगा। पर इसके लिए साथियों जरूरत है मुझे आप सब की।

बढ़ता राजस्थान

**पटना ( एजेंसी )।** जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग ने हुंकार भरते हुए कहा, आज सारण की इस पावन धरती से, आप सबके सामने मैं यह कहकर जा रहा हूं कि हां, मैं चुनाव लड़ूंगा। मैं चुनाव लड़ूंगा बिहारियों के लिए, अपने भाइयों के लिए, अपनी माताओं के लिए, अपनी बहनों के लिए और बिहार में एक ऐसी व्यवस्था तैयार करेंगे, एक ऐसा बिहार बनाएंगे जो सही मायनों में प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाएगा।साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में अंदरूनी घमासान मचा हुआ है। अब एनडी में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के एक बयान ने बीजेपी और जेडीयू दोनों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। छपरा के राजेंद्र स्टेडियम से चिराग पासवान ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### बिहारियों के लिए लड़ूंगा

### चुनाव

चिराग पासवान रविवार को छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में पार्टी द्वारा आयोजित %नव-संकल्प महासभा% कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग ने हुंकार भरते हुए कहा, %आज सारण की इस पावन धरती से, आप सबके सामने मैं यह कहकर जा रहा हूं कि हां, मैं चुनाव लड़ूंगा। मैं चुनाव लड़ूंगा बिहारियों के लिए, अपने भाइयों के लिए, अपनी माताओं के लिए, अपनी बहनों के लिए और बिहार में एक ऐसी व्यवस्था तैयार करेंगे, एक ऐसा बिहार बनाएंगे जो सही मायनों में प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाएगा।

### मुझे बिहार आने से रोकने की कोशिश

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आरोप लगाया कि कई ऐसे लोग हैं जो नहीं चाहते कि चिराग पासवान बिहार आएं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने बिहारी युवाओं को पलायन कर दूसरे राज्यों और देशों में रहने के लिए मजबूर किया, वे उसी तरीके से चाहते हैं कि चिराग पासवान अगर बिहार आ गए तो युवाओं को उनका हक दिलाएंगे।

उन्होंने कहा कि वह महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों और मजदूरों के हक की बात करेंगे, इसीलिए ये लोग नहीं चाहते कि चिराग पासवान बिहार आएं। चिराग ने आरोप लगाया कि यही वजह है कि ये लोग षड्यंत्र रचते हैं और भ्रम की स्थिति बनाते हुए बार-बार यह सवाल पूछते हैं कि क्या चिराग पासवान विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )